**सुविचार**
हमारी समस्या का हल सिर्फ हमारे पास ही है, दूसरों के पास तो हमारी समस्या का सुझाव है।

Daily
# THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Sunday, 27 August 2023 ● Year : 01 ● Issue : 221 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com E-Paper : epaper.thephotonnews.com



हाई स्टैंडर्ड रखने का मतलब नकचढ़ा...

**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 64,886.51 |
| निफ्टी | : | 19,265.80 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,585 |
| चांदी | : | 80.00 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**BRIEF NEWS**

### मेघालय में भूस्खलन से मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा का सड़क संपर्क टूटा

SHILLONG : मेघालय के सोनापुर में एक बार फिर हुए भूस्खलन के कारण एनएच-6 अवरुद्ध हो गया है। इसके कारण फिर से मिजोरम, मणिपुर और त्रिपुरा का देश के शेष भागों से सड़क संपर्क टूट गया है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार मेघालय में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण शुक्रवार देर रात को यह भूस्खलन हुआ। शनिवार की सुबह से सड़क पर से मलबा हटाने का कार्य जारी है, लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण सड़क पर मलबा आने का सिलसिला भी रुक नहीं रहा है। पहाड़ी से गिरकर मिट्टी सुरंग के सामने के हिस्से में भर चुकी है। इस कारण एनएच-6 सिलचर-बदरपुर लिंक रोड पूरी तरह से बंद हो गया। इसकी वजह से एनएच-6 सिलचर-बदरपुर रूट पर मिजोरम, मणिपुर, त्रिपुरा आदि स्थानों के लिए जानेवाली गाड़ियों की कई किलोमीटर तक लंबी कतारें लग चुकी है।

### मृदुल कुमार लिकटेंस्टीन में भारत के राजदूत नियुक्त

NEW DELHI : स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत और भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी मृदुल कुमार को बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि मृदुल कुमार (आईएफएसः 1992), जो वर्तमान में स्विट्जरलैंड में भारत के राजदूत हैं, उन्हें समवर्ती रूप से बर्न में निवास के साथ लिकटेंस्टीन की रियासत में भारत के अगले राजदूत के रूप में नियुक्त किया गया है। मंत्रालय की विज्ञप्ति के अनुसार उनके शीघ्र ही कार्यभार संभालने की उम्मीद है।

### कोलकाता में पकड़ा गया आईएसआई का एजेंट

KOLKATA : कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के एक एजेंट को कोलकाता से गिरफ्तार किया है। आरोपी भक्त बंशी झा मूल रूप से दरभंगा का रहने वाला है जिसने भारतीय सेना और इंटेलिजेंस से जुड़ी खुफिया जानकारियां आईएसआई को भेजी हैं। एसटीएफ के उपायुक्त वी सोलेमन नेशा कुमार ने शनिवार सुबह उसकी गिरफ्तारी की जानकारी दी है।

# डुमरी उपचुनाव : प्रचार में आई गर्मी, मैदान में उतरे हेमंत, विपक्ष को ललकारा, बेबी की जीत को तय बताया

PHOTON NEWS BOKARO : झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड की तेलो पश्चिमी पंचायत स्थित तेली बांध कोचाटांड़ मैदान में इंडिया की ओर से झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस डुमरी उपचुनाव में इंडिया गठबंधन न सिर्फ जीतेगा, बल्कि अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी। आज आपसे हम विधायक बनाने को लेकर वोट मांगने नहीं आए हैं बल्कि इस क्षेत्र में मंत्री के लिए वोट मांगने आए हैं। झामुमो मान सम्मान, स्वाभिमान के साथ राजनीति करता है और इससे कोई समझौता हमलोगों ने नहीं किया है। हम झारखंड के आदिवासी मूलवासी, दलित, पिछड़ा के हक की लड़ाई लड़ते हैं। इस लड़ाई को हमने कभी नहीं रोका। हमारी सरकार ने पहली बार सरकार आपके द्वार के माध्यम से गांव में तंबू लगाकर अधिकारियों को आपके पास भेजा। पारा शिक्षक की समस्याओं का हमने समाधान किया। जो पारा शिक्षक 12 महीनों में 11 महीना धरना प्रदर्शन करते थे अब वो 11 महीने स्कूल में रहते हैं। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के 80 प्रतिशत लोग आज सरकार के राशन कार्ड पर जिंदा हैं। इस सरकार ने नमक पर भी टैक्स लगा दिया है।


डुमरी में चुनावी सभा में सीएम को माला पहनाकार सम्मानित करते कार्यकर्ता।

## विपक्ष लगातार षड्यंत्र रचकर सरकार गिराने की कर रहा साजिश : बेबी देवी

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को डुमरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चंद्रपुरा प्रखंड की तेलो पश्चिमी पंचायत स्थित तेली बांध कोचाटांड़ मैदान में इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के पक्ष में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब से राज्य में हमारी सरकार बनी है, उसी दिन से विपक्ष षड्यंत्र रचकर सरकार गिराने में लगा है। कभी विधायकों की खरीद फरोख्त की तो कभी ईडी, सीबीआई का भय दिखाकर काम नहीं करने देता है। हमने अपने कार्यकाल में कोरोना और सुखाड़ झेला। विभिन्न परिस्थितियों में हमारी सरकार विकास का काम करती रही और लगातार कर रही है। खासकर डुमरी के पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री टाइगर स्व जगरनाथ महतो ने काफी काम किया है। हमने बेबी देवी को मंत्री बनाकर स्व जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दे दी है, अब आपको यह श्रद्धांजलि देनी है। जगरनाथ महतो को आपने पिछले चुनाव में 70 हजार वोट दिया था, इस चुनाव में बेबी देवी को 1 लाख 70 हजार वोट दें, ताकि जीत का इतिहास बने।

## उधर, वाहन जांच में 10 लाख रुपया कैश बरामद

PHOTON NEWS BOKARO : डुमरी में विधानसभा उपचुनाव को लेकर वाहन चेकिंग के लिए बनी अधिकारियों की टीम ने आज शनिवार की दोपहर चंद्रपुरा-हरिणा सड़क मार्ग के तरंगा चेकनाका के पास एक वाहन से दस लाख रुपये बरामद किया। ये रुपये दुमका के हिमांशु मिश्रा के पास से मिले हैं। टीम रुपये के साथ हिमांशु मिश्रा को लेकर दुगदा थाना पहुंची और पूछताछ की जा रही है। चंद्रपुरा सीओ संदीप कुमार मद्देशिया ने बताया कि मोटी रकम को लेकर किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस कारण रुपये को बरामद किया गया है। जिला स्तरीय जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी (जेएच 17 बी-3744) से 10 लाख रुपये बरामद किया गया है। बताया जाता है कि वाहन में रेलवे ठेका कंपनी मेसर्स बाल मुकुंद झा के हिमांशु मिश्रा सरैया थाना (दुमका) निवासी सवार थे। चंद्रपुरा सीओ संदीप कुमार मद्देशिया ने बताया कि मोटी रकम को लेकर किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस कारण रुपये को बरामद किया गया है। जिला स्तरीय जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इधर, रकम के साथ पकड़े गये हिमांशु मिश्रा ने बताया कि वाहन से वह बोकारो से जैनामोड़ होते हुए गोमो जा रहा थे। उन्होंने कहा कि कंपनी की गोमो से निचितपुर में रेलवे की चाहरदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है।



# अपने पर लगे आरोपों के बाद मरांडी का पलटवार

## सरकार झामुमो की, सीधी कार्रवाई करे


दुमका में पूर्व सीएम बाबूलाल को माला पहनाकर सम्मानित करते कार्यकर्ता।

PHOTO NEWS DUMKA : अपने खिलाफ झामुमो द्वारा अवैध तरीके से सैकड़ों एकड़ जमीन अर्जीत करने के लगे आरोपों के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। दुमका में अपने संकल्प यात्रा के क्रम में जनसभा में उन्होंने कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर झामुमो ओछी राजनीति करना बंद करें। झामुमो को प्रेसवार्ता आयोजित करने की क्या जरूरत है। प्रेसवार्ता तो विपक्ष के लोग करते हैं। झामुमो की तो यहां सरकार है,पुलिस प्रशासन है। वे सीधे कार्रवाई करें। बाबूलाल ने हेमंत सरकार से संथाल परगना बिल्डर्स मामले में एफआईआर करने विधि विरुद्ध काम करने वाले अपराधियों की संपत्ति जब्त करने की भी मांग की।

मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है और जब जब भाजपा की सरकार बनती है तो विकास की चर्चा होती है और जब झामुमो,कांग्रेस राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार की चर्चा होती है।उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वे बताएं साढ़े तीन वर्षों में उन्होंने राज्य में विकास का कौन सा कार्य किया है।

## रेलयात्री कोच में आग लगने से 10 तीर्थयात्री जिंदा जले

TAMILNADU : तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़े रेलयात्री कोच में शनिवार तड़के आग लग गई। इस हादसे में रामेश्वरम जाने वाले 10 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने कहा कि यात्री कोच में अवैध रूप से लाए गए गैस सिलेंडर की वजह से आग लगी। जिस डिब्बे में आग लगी, वह एक प्राइवेट पार्टी कोच (किसी व्यक्ति द्वारा बुक किया गया पूरा डिब्बा) था। इसमें सवार यात्री पिछले हफ्ते लखनऊ से तीर्थयात्रा पर निकले थे और अधिकतर यात्री उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ व उसके आसपास के इलाकों के निवासी थे। हादसे के पीड़ितों में से एक ने बताया कि डिब्बे का दरवाजा बंद था और उसे तोड़ने के बाद लोग सुरक्षित स्थान पर पहुंचे। घटनास्थल पर जांच के लिए पहुंची मदुरै की जिलाधिकारी एमएस संगीता ने कहा कि रेलकोच में लगी आग में 9 लोगों की मौत हुई, जबकि 20 अन्य घायल हुए हैं जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग लगने की घटना शनिवार तड़के पांच बजकर 15 मिनट पर हुई और मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सुबह सात बजकर 15 मिनट पर आग पर काबू पा लिया।

# चांद पर जहां लैंडर उतरा वह जगह शिव शक्ति पॉइंट

## इसरो के वैज्ञानिकों से मिले प्रधानमंत्री मोदी, तीन बड़ी घोषणाएं कीं

AGENCY BENGALURU : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार सुबह इसरो के कमांड सेंटर में चंद्रयान-3 टीम के वैज्ञानिकों से मिले। यहां उन्होंने 3 घोषणाएं कीं। पहली- 23 अगस्त को हर साल भारत नेशनल स्पेस डे मनाएगा। दूसरा- चांद पर लैंडर जिस जगह उतरा, वह जगह शिव-शक्ति पॉइंट कहलाएगी। तीसरी- चांद पर जिस जगह चंद्रयान-2 के पद चिन्ह हैं, उस पॉइंट का नाम 'तिरंगा' होगा। मोदी ने 45 मिनट के भाषण में कहा, 'मैं साउथ अफ्रीका में था, फिर ग्रीस के कार्यक्रम में चला गया, लेकिन मेरा मन पूरी तरह आपके साथ ही लगा हुआ था। मेरा मन कर रहा था आपको नमन करूं। लेकिन मैं भारत में (रुंधे गले से) भारत में आते ही जल्द से जल्द आपके दर्शन करना चाहता था।' मोदी बोले, 'मैं आपको सैल्यूट करना चाहता था। सैल्यूट आपके परिश्रम को सैल्यूट आपके धैर्य को.. सैल्यूट आपकी लगन को सैल्यूट आपकी जीवटता को... सैल्यूट आपके जज्बे को।' बाद में शनिवार दोपहर पीएम मोदी बेंगलुरु से दिल्ली पहुंचे। यहां उन्होंने पालम एयरपोर्ट पर एक जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री सुबह 7 बजकर 30 मिनट पर बेंगलुरु के इसरो के कमांड सेंटर पहुंचे। यहां वे चंद्रयान-3 की टीम के वैज्ञानिकों से मिले। इसरो कमांड सेंटर पर इसरो चीफ एस सोमनाथ ने पीएम मोदी को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पीएम ने सोमनाथ को गले लगाया और पीठ थपथपाई। उन्हें चंद्रयान 3 मिशन के सफल होने पर बधाई दी। इस दौरान उन्होंने टीम के सभी वैज्ञानिकों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाई।


इसरो में कैंपस का भ्रमण कर जायजा लेते प्रधानमंत्री मोदी ● एजेंसी

### मैंने सोच लिया था, भारत जाकर पहले वैज्ञानिकों को नमन करूंगा : पीएम

मोदी अपनी दो देशों की यात्रा पूरी करने के बाद ग्रीस से सीधे बेंगलुरु पहुंचे थे। सुबह 6 बजे एयरपोर्ट पर उतरने के बाद उन्होंने लोगों को 10 मिनट तक संबोधित किया। उन्होंने जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा लगाया। इसमें उन्होंने जय अनुसंधान का नारा भी जोड़ा। उन्होंने कहा, 'सूर्योदय की बेला हो और बेंगलुरु का नजारा हो देश के वैज्ञानिक देश को जब इतनी बड़ी सौगात देते हैं, इतनी बड़ी सिद्धि प्राप्त करते हैं, जो दृश्य मुझे बेंगलुरु में दिखाई दे रहा है, वो मुझे ग्रीस और साउथ अफ्रीका में भी देखने को मिला। आप सुबह-सुबह इतना जल्दी आए, मैं अपने आप को रोक नहीं पा रहा था। मैं दूर विदेश में था। तो मैंने सोच लिया था कि भारत जाऊंगा तो पहले बेंगलुरु जाऊंगा। सबसे पहले उन वैज्ञानिकों से मिलूंगा और उन्हें नमन करूंगा।'

# पंचायत स्वमसेवकों ने BARRICADING तोड़ी

## 50 दिनों से राजभवन के सामने दे रहे धरना, मुख्यमंत्री आवास के की ओर किया था कूच

PHOTON NEWS RANCHI : पंचायत सचिवालय स्वयंसेवक संघ अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर बीते 8 जुलाई से राजभवन के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं। लेकिन अब संघ के सदस्यों के सब्र का बांध टूट गया है। 50 दिनों बाद भी जब सरकार की नींद नहीं खुली, तब संघ के सदस्य मोराहाबादी में एकजुट होकर मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले। लेकिन प्रशासन ने मोराहाबादी में ही बैरिकेडिंग कर प्रदर्शनकारियों को रोका। लेकिन प्रदर्शनकारी बैरेकेडिंग तोड़ दी है और सीएम आवास की तरफ बढ़ रहे हैं। मौके पर सिटी डीएसपी दीपक कुमार भी पहुंचे हुए हैं। साथ ही टाउन सीओ और बड़गाई सीओ भी मौजूद हैं। पंचायत सचिवालय स्वयं सेवक संघ के सदस्य लगातार अपनी एकजुटता दिखाते हुए नारेबाजी कर रहे हैं। संघ के सदस्य माइक पर प्रशासन से आगे बढ़ने देने की अनुमति देने का आग्रह कर रहे थे। लेकिन प्रशासन ने उनकी बात नहीं सुनी तो वो बैरेकेडिंग तोड़कर सीएम आवास की तरफ बढ़ने की कोशिश कर रहे हैं। बता दें कि संघ के घेराव को लेकर मोरहाबादी में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। वाटर कैनन की गाड़ी भी तैनात है।


सीएम आवास घेरने जा रहे स्वयंसेवकों को बैरिकेडिंग कर रोकती पुलिस।

## शराब घोटाला मामले में योगेंद्र तिवारी से 7 घंटे हुई पूछताछ

RANCHI : ईडी की टीम ने शराब घोटाला मामले में किंगपिन योगेंद्र तिवारी से करीब सात घंटे पूछताछ की। तिवारी को बुलाने पर दोबारा उपस्थित होने को कहा गया है। योगेंद्र तिवारी शनिवार की दोपहर ईडी के रांची जोनल ऑफिस पहुंचे थे। अपने साथ तीन बैग में कागजात लेकर आये थे। गौरतलब है कि योगेंद्र तिवारी ने साल 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। झारखंड के सबसे बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने अपने राजनीतिक और नौकरशाही में संबंधों के जरिए राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था।

# नाबालिग से दरिंदगी के दोषी 24 साल की सजा

PHOTON NEWS CHAIBASA : झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले की अदालत ने शनिवार को नाबालिग से दरिंदगी करने के दोषी को 24 साल की सजा सुनायी है। प्रथम अपर जिला व सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश की अदालत ने पोस्को एक्ट के आरोपी को दोषी करार देकर 24 साल की सजा सुनायी है। इसके साथ ही 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। अभियुक्त चंद्रमोहन चांपिया उर्फ चमरा चांपिया ने गोइलकेरा थाना क्षेत्र के रायबेड़ा का रहनेवाला है। बताया जा रहा है कि नाबालिग अपनी चचेरी बहन के साथ शादी समारोह में शामिल होकर घर लौट रही थी। इसी दौरान उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद परिजनों ने थाने में मामला दर्ज कराया। ये घटना 11 फरवरी 2023 की है। पीड़िता के पिता के बयान पर गोइलकेरा थाने में 16 फरवरी 2023 को मामला दर्ज किया गया था।

# नूंह में इंटरनेट फिर बंद बल्क SMS पर भी रोक

AGENCY NUH : हरियाणा के नूंह में फिर से इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। होम डिपार्टमेंट ने शनिवार दोपहर 12 बजे से 28 अगस्त की रात 12 बजे तक जिले में मोबाइल इंटरनेट सेवाओं और बल्क एसएमएस पर प्रतिबंध लगा दिया है। नूंह में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की ओर से 28 अगस्त को दोबारा ब्रजमंडल यात्रा निकालने के ऐलान को देखते हुए गृह विभाग ने एहतियात के तौर पर यह फैसला लिया है। नूंह जिला प्रशासन ने विहिप और दूसरे हिंदू संगठनों को 28 अगस्त को दोबारा यात्रा निकालने की परमिशन नहीं दी है, लेकिन हिंदू संगठन यात्रा निकालने पर अड़े हुए हैं। ब्रजमंडल यात्रा दोबारा निकाले जाने की सूरत में किसी भी तरह की हिंसा और अफवाहों को रोकने के मकसद से नूंह के डीसी धीरेन्द्र खड़गटा ने 25 अगस्त को ही गृह विभाग को पत्र लिखकर जिले में मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवाएं 25 अगस्त से ही बंद करने की सिफारिश की थी। गृह मंत्रालय के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी को लिखे इस पत्र की एक कॉपी हरियाणा पुलिस के इंटेलिजेंस विंग के एडीजीपी को भी भेजी थी। डीसी का लेटर मिलने के बाद हरियाणा के होम सेक्रेटरी ने नूंह जिले में 26 अगस्त दोपहर से 28 अगस्त मध्यरात्रि तक मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद करने के आदेश जारी कर दिए।

## आज सूर्य और शनि के बीच पहुंचेगी पृथ्वी

BHOPAL : खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए रविवार, 27 अगस्त का दिन बहुत रोचक होने जा रहा है। इस दिन पृथ्वी सूर्य और शनि के बीच में पहुंचेगी और शनि आपके समीप रहेगा। यह खगोलीय घटना लगभग एक साल बाद होने जा रही है। यह जानकारी शनिवार को भोपाल की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने दी। उन्होंने खगोल विज्ञान की इस घटना की वैज्ञानिक जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी अपनी धुरी पर परिक्रमा करते हुए पृथ्वी रविवार को सूर्य और शनि के बीच पहुंचेगी। इस तरह शनि, पृथ्वी और सूर्य तीनों एक सीधी रेखा में रहेंगे। इस समय शनि पृथ्वी के सबसे समीप होगा, जिससे यह अपेक्षाकृत अधिक चमकीला महसूस होगा।

## 4 महीने में लैग्रेंजियन पॉइंट पर पहुंचेगा आदित्य एल-1, पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर

# ISRO दो सितंबर को लॉन्च कर सकता सोलर मिशन

AGENCY BENGALURU : चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर कामयाब लैंडिंग के बाद इसरो अब सूर्य के अध्ययन के लिए एक हफ्ते के भीतर यानी 2 सितंबर को सौर मिशन शुरू करने की तैयारी कर रहा है। यह जानकारी स्पेस एप्लिकेशन सेंटर अहमदाबाद के निदेशक नीलेश एम देसाई ने न्यूज एजेंसी एएनआई को दी। आदित्य एल-1 सूर्य का अध्ययन करने वाली पहली स्पेस बेस्ड इंडियन लेबोरेट्री होगी। इसे सूर्य के चारों ओर बनने वाले कोरोना के रिमोट ऑब्जर्वेशन के लिए डिजाइन किया गया है। आदित्य यान, एल-1 यानी सूर्य-पृथ्वी के लैग्रेंजियन पॉइंट पर रहकर सूर्य पर उठने वाले तूफानों को समझेगा। यह पॉइंट पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर है। यहां तक पहुंचने में इसे करीब 120 दिन यानी 4 महीने लगेंगे। यह लैग्रेंजियन पॉइंट के चारों ओर की कक्षा, फोटोस्फीयर, क्रोमोस्फीयर के अलावा सबसे बाहरी परत कोरोना की अलग-अलग वेब बैंड्स से 7 पेलोड के जरिए टेस्टिंग करेगा। आदित्य यान को सूर्य और पृथ्वी के बीच हेलो ऑर्बिट में स्थापित किया जाएगा। इसरो का कहना है कि एल-1 पॉइंट के आस-पास हेलो ऑर्बिट में रखा गया सैटेलाइट सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देख सकता है। इससे रियल टाइम सोलर एक्टिविटीज और अंतरिक्ष के मौसम पर भी नजर रखी जा सकेगी। उम्मीद की जा रही है कि आदित्य एल-1 के पेलोड कोरोनल हीटिंग, कोरोनल मास इजेक्शन, प्री-फ्लेयर और फ्लेयर एक्टिविटीज की विशेषताओं, पार्टिकल्स की मूवमेंट और स्पेस वैदर को समझने के लिए जानकारी देंगे।



### पूरी तरह स्वदेशी है आदित्य एल-1

इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक आदित्य एल-1 देश की संस्थाओं की भागीदारी से बनने वाला पूरी तरह स्वदेशी प्रयास है। बेंगलुरु के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ ने इसके पेलोड बनाए हैं। जबकि इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स पुणे ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोड विकसित किया है। यूवी पेलोड का इस्तेमाल कोरोना और सोलर क्रोमोस्फीयर पर, जबकि एक्स-रे पेलोड का इस्तेमाल सूर्य की लपटों को देखने के लिए किया जाएगा। पार्टिकल डिटेक्टर और मैग्नेटोमीटर पेलोड, चार्ज्ड पार्टिकल के हेलो ऑर्बिट तक पहुंचने वाली मैग्नेटिक फील्ड के बारे में जानकारी देंगे।

BRIEF NEWS

## काशी में जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में विशेष डाक टिकट जारी

**VARANASI:** जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में शनिवार को भारतीय डाक विभाग ने 'संस्कृति कार्य समूह' पर आधारित विशेष डाक टिकट जारी किया। नदेसर स्थित होटल ताज में आयोजित बैठक में देश-विदेश के 170 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में इसे जारी किया गया। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल (पीएमजी) कृष्ण कुमार यादव ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी को डाक टिकटों का प्रथम सेट भेंट किया। इस दौरान केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव गोविन्द मोहन, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक किशोर के. बासा सहित विभिन्न देशों के संस्कृति मंत्री और प्रतिनिधि मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा कि डाक टिकट किसी भी राष्ट्र की संस्कृति और विरासत को अन्य देशों से जोड़कर सांस्कृतिक आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करता है और सांस्कृतिक संदर्भ स्थापित करता है।

## केन्द्र व राज्य सरकार के बेहतर समन्वय से प्रदेशवासियों को मिल रहा दोगुना फायदा :तोमर

**GWALIOR:** केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के बेहतर समन्वय और साझा प्रयासों से मध्य प्रदेश के निवासियों को दोगुना फायदा मिल रहा है। उन्होंने केन्द्र सरकार द्वारा शुरू की गई किसान सम्मान निधि का उदाहरण देते हुए कहा कि इस योजना के तहत हर किसान को साल में 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिल रही है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा भी मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत इतनी ही धनराशि किसानों को दी जा रही है। इस प्रकार मध्य प्रदेश के किसान को एक साल में 12 हजार रुपये मिल रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री तोमर शनिवार को ग्वालियर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेरजा में आयोजित हुए हितग्राही सहभागिता सम्मेलन में बड़ी संख्या में मौजूद जन समूह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

## खूंटी में अभाविप ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री का पुतला फूंका

**KHUNTI:** जादवपुर विश्वविद्यालय में रैगिंग के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री और छात्रों की गिरफ्तारी को लेकर अभाविप के कार्यकताओं ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला दहन किया। मौके पर कमलेश महतो ने कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय में नाबालिग छात्र स्वप्न दीप कुंडू की रैगिंग और मौत के मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल और राष्ट्रीय मंत्री बिराज विश्वास सहित एक सौ से अधिक अभाविप कार्यकताओं पर लाठीचार्ज करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। इस दौरान प्रकाश टुटी, गौतम नाग, प्रवीण नाग, अदर्श राज, धर्मेंद्र साहू, पवन कुमार, सहिंदर महतो आदि मौजूद थे।

# संस्कृति में अंतर्निहित होती है एकजुट करने की क्षमता : नरेन्द्र मोदी

**AGENCY VARANASI:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक के दौरान अपने वीडियो संदेश में कहा कि 'संस्कृति में एकजुट करने की क्षमता अंतर्निहित होती है। यह हमें विविध पृष्ठभूमि और दृष्टिकोणों को समझने में सक्षम बनाती है। हम अपनी शाश्वत और विविध संस्कृति पर बहुत गर्व करते हैं। हम अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी बहुत महत्व देते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सांस्कृतिक विरासत सिर्फ वह नहीं है जो पत्थरों पर गढ़ी जाती है, यह परंपराएं, रीति-रिवाज और त्योहार भी है जो पीढ़ियों से चली आ रही हैं। हमारा मानना है कि विरासत आर्थिक विकास और विविधीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। यह हमें विविध पृष्ठभूमियों और दृष्टिकोणों को समझने में सक्षम बनाता है। इसलिए आपका कार्य संपूर्ण मानवता के लिए बहुत महत्व रखता है। हम भारतवासियों को अपनी सनातन और विविध संस्कृति पर बहुत गर्व है। जी-20 के संस्कृति मंत्रियों की बैठक में प्रधानमंत्री का वीडियो संदेश केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी, केंद्रीय संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव, जी-20 सीडब्ल्यूजी के अध्यक्ष गोविंद मोहन और जी-20 देशों के संस्कृति मंत्रियों ने पूरे उत्साह के साथ देखा व सुना। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि हम अपनी अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को भी बहुत महत्व देते हैं। हम अपने विरासत स्थलों को संरक्षित और पुनर्जीवित करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। हमने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि भारत के सभी गांवों के स्तर पर भी अपनी सांस्कृतिक संपदा और कलाकारों का मानचित्रण किया है। हम अपनी संस्कृति का जश्न मनाने के लिए कई केंद्र भी बना रहे हैं। उनमें से प्रमुख हैं देश के विभिन्न हिस्सों में जनजातीय संग्रहालय। ये संग्रहालय भारत के जनजातीय समुदायों की जीवंत संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि नई दिल्ली में हमारे पास प्रधानमंत्रियों का संग्रहालय है। यह अपनी तरह का अनोखा प्रयास है जो भारत की लोकतांत्रिक विरासत को प्रदर्शित करता है। हम 'युगे-युगीन भारत' राष्ट्रीय संग्रहालय भी बना रहे हैं। पूरा होने पर यह दुनिया का सबसे बड़ा संग्रहालय होगा। इसमें भारत के 5000 साल से अधिक पुराने इतिहास और संस्कृति को प्रदर्शित किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सांस्कृतिक संपत्ति की बहाली का मुद्दा एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। इस संबंध में आपके प्रयासों का स्वागत करता हूं। मूर्त विरासत का केवल भौतिक मूल्य नहीं होता। यह किसी राष्ट्र का इतिहास और पहचान भी है। हर किसी को अपनी सांस्कृतिक विरासत तक पहुंचने और उसका आनंद लेने का अधिकार है। मोदी ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से भारत सैकड़ों ऐसी कलाकृतियां वापस लाया है जो हमारी प्राचीन सभ्यता की महिमा को प्रदर्शित करती हैं। उन्होंने कहा कि विरासत आर्थिक विकास और विविधीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति है। भारत को लगभग 3,000 अद्वितीय कलाओं और शिल्पों के साथ अपनी 2,000 साल पुरानी शिल्प विरासत पर गर्व है। प्रधानमंत्री ने अपने संदेश में 4सी- कल्चर, क्रिएटिविटी, कॉमर्स और कॉरपोरेशन (सहयोग) का बड़ा संदेश दिया। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि आपके समूह ने 'कल्चर यूनाइट्स ऑल' अभियान शुरू किया है। यह वसुधैव कुटुंबकम की भावना को ही समाहित करता है। यह हमें एक करुणामय, समावेशी और शांतिपूर्ण भविष्य के निर्माण के लिए संस्कृति की शक्ति का उपयोग करने में समर्थ बनाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'मुझे खुशी है कि हम वाराणसी में मिल रहे हैं जो मेरा संसदीय क्षेत्र है। काशी न केवल दुनिया का सबसे पुराना जीवित शहर है, यहां से कुछ ही दूरी पर सारनाथ भी है, जहां भगवान बुद्ध ने अपना पहला उपदेश दिया था। यह वास्तव में आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी है। यह वास्तव में भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक राजधानी है।



वीडियो कांफ्रेंस से कार्यक्रम को संबोधित करते पीएम मोदी • फोटोन न्यूज

# भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम : GOVERNOR

## कहा- योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय



**PHOTON NEWS RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं, बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान, जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो। राज्यपाल शनिवार को संस्कृत विभाग, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय तथा संस्कृत भारती के संयुक्त रूप से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रयास करना चाहिए। योग और आयुर्वेद की भारतीय पद्धति विश्व के लिए अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमें जीवन मूल्यों के प्रति सचेष्ट होना चाहिए। चन्द्रयान की सफलता पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि उसके टीम लीडर एस. सोमनाथ का मानना है कि संस्कृत के शास्त्रों में विज्ञान के बीज बिखरे पड़े हैं। संस्कृत के शास्त्रों में वर्णित ज्ञान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हमें मैकाले की शिक्षा प्रणाली को बदलना होगा और इसके लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में अनेक प्रावधान किये गये हैं। भारतीय ज्ञान प्रणाली को प्रोत्साहन देना इस शिक्षा नीति के प्रधान उद्देश्यों में एक है। इस शिक्षा नीति के फलस्वरूप भारत निकट भविष्य में नवाचारों का केन्द्र बनेगा। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघटन मंत्री दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत शिक्षा हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्व सन्निहित हैं। उन्होंने कहा कि ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत से अछूती नहीं है।

## समाचार पत्र का जन-जीवन पर गहरा प्रभाव : राज्यपाल

**RANCHI:** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि समाचार पत्र का जन-जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। रोज सुबह हम अखबार पढ़ने के आदि होते हैं और जब तक पढ़ नहीं लेते हैं तो हमें खालीपन लगता है। समाचार पत्र में हमें विस्तार से खबरें पढ़ने को मिलती हैं। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि समाचार पत्र समाज की दशा एवं दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। मीडिया को तटस्थ, सतर्क एवं जागरूक होना आवश्यक है। स्वाधीनता संग्राम में मीडिया एक मिशन था, जिसने लोगों को आजादी की लड़ाई के लिए प्रेरित किया। इसी का प्रतिफल है की आज हम विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के निवासी हैं। राज्यपाल शनिवार को होटल रेडिसन ब्लू में एक दैनिक समाचार पत्र की ओर से आयोजित ह्यझारखंड गौरव सम्मान-2023 कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड में संसाधनों की कोई कमी नहीं है लेकिन उसके बावजूद भी अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। हमें जनता के हितों का ध्यान रखते हुए अपने संसाधन एवं राजस्व का उपयोग करना पड़ेगा। शिक्षा, स्वास्थ्य, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता इत्यादि पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करना होगा। जल-जीवन योजना के तहत 28 प्रतिशत आबादी तक शुद्ध पेयजल की उपलब्धता हो चुकी है। आगामी दो-तीन वर्षों में यह बढ़कर 75प्रतिशत हो जाएगी। इसी प्रकार लोगों की मूल-भूत आवश्यकताओं की दिशा में योजना तैयार कर उसे लागू करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री की इस अवधारणा के कारण भारत आज विश्व की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था का देश बन चुका है और तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का देश बनने की ओर अग्रसर है। राज्यपाल 26 लोगों को सम्मानित किया।



# भाजपा स्वयं को नहीं, देश को आगे रखती है : वीके सिंह



**AGENCY SIKAR:** केंद्रीय राज्य मंत्री वीके सिंह शनिवार को नीमकाथाना के दौरे पर रहे। यहां उन्होंने भूदोली गांव में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने वीरांगनाओं का सम्मान किया। भाजपा नेता रघुवीर सिंह भूदोली के जन्मदिन पर ये जनसभा आयोजित की गई थी। कार्यक्रम में जनरल वीके सिंह ने कहा कि सेवानिवृत होने के बाद उनके संपर्क में कई पार्टी आई लेकिन उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ही चुना। एक चीज उन्हें जो सेना के अनुरूप लगी जो हमारी सेना की सोच है कि देश ही सर्वोपरि है वो सिर्फ एक ही पार्टी में दिखाई दिया। वो भारतीय जनता पार्टी, एक ऐसी पार्टी जो स्वयं को आगे नहीं रखती, देश को आगे रखती है, ऐसी पार्टी में जाने से देश का हित भी था। जो देश सेवा का काम जो सोचा था। उन्होंने कहा कि जिस तरह सेना को सरकार का समर्थन मिल रहा है। उससे हम चीन की आंख में आंख डालकर देख सकते है। जिस तरह नौ साल में आतंकवाद पूरे तरीके से खत्म हो गया। अब आतंकवाद केवल पाकिस्तान में ही रह गया। उन्होंने कहा कि जब एक सशक्त सरकार होती है तो सेना को भी मजबूती मिलती है। आज जिस तरीके से मेक इन इंडिया का प्रोग्राम चल रहा है बहुत सारी चीजें ऐसी है जिस पर पहले ध्यान नहीं दिया जाता था। अब उन सब चीजों पर ध्यान दिया जा रहा है ताकि हम आत्मनिर्भर हो और हमें किसी दूसरे की तरह देखना ना पड़े। उन्होंने राजस्थान सरकार पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि जिस तरीके से राजस्थान में पांच सालों में अपराध के आंकड़े बड़े महिलाओं पर अत्याचार हुए, राजस्थान में ऐसा आज तक नहीं देखने को मिला।

# अभाविप ने पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री की पुतला फूंका

**PHOTON NEWS RAMGARH:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की रामगढ़ इकाई के तत्वाधान में शनिवार को जादवपुर विश्वविद्यालय में नाबालिग छात्र स्वप्नदीप कुंडू की रैंगिंग और मौत मामले में जादवपुर विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। कार्यक्रम का नेतृत्व अभाविप राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने किया। पुतला दहन कार्यक्रम में राष्ट्रीय मंत्री बिराज विश्वास सहित 100 से अधिक अभाविप कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण व निंदनीय है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के दक्षिण बंग प्रांत इकाई द्वारा आयोजित "चलो जादवपुर" प्रदर्शन के माध्यम से न्याय की मांग कर रहे कार्यकताओं के साथ पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा अत्यंत आबबर्बरतापूर्वक व्यवहार किया गया। इस प्रदर्शन में शामिल छात्राओं को पुरुष पुलिस द्वारा रोकने का प्रयास किया गया व दुर्व्यवहार करते हुए उन्हें बलपूर्वक घसीट कर पुलिस गाड़ी में डाला गया। आंदोलन के समय एक भी महिला पुलिस उपस्थित नहीं थी। कहा कि जादवपुर विश्वविद्यालय में बीए में अध्ययनरत नाबालिग छात्र स्वप्नदीप कुंडू के साथ रैंगिंग, यौन दुर्व्यवहार की घटना के बाद हॉस्टल की बालकनी से गिर स्वप्नदीप कुंडू की अस्पताल में मृत्यु हो गई।

# योगी ने ब्राजील को जी-20 की अगली बैठक के लिए क्विन बटन सौंपी

**AGENCY VARANASI:** जी-20 संस्कृति मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद शनिवार को बड़ालालपुर स्थित ट्रेड फैसिलिटी सेंटर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आर्केस्ट्रा सुर-वसुधा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल हुए। जी-20 के कलाकारों ने कलाकारों ने अपने प्रस्तुति से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कलाकारों ने वसुधैव कुटुंबकम थीम पर आधारित गीत प्रस्तुत कर लोगो का दिल जीत लिया। कार्यक्रम में महेश बाबू और उनकी टीम ने सुर वसुधा को प्रदर्शित किया। कार्यक्रम में भारत की प्राचीन परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम की परिकल्पना को साकार करते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में सतत विकास को बढ़ावा देने हेतु 'वन अर्थ वन फैमिली वन फ्यूचर' की परिकल्पना पर भी कार्यक्रम आयोजित करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसमें जी-20 देशों के साथ ही आठ आमंत्रित देश (बांग्लादेश, मॉरिशस, नीदरलैंड, ओमान, सिंगापुर, स्पेन, नाइजीरिया, यूएई) के कलाकारों ने सुर वसुधा कार्यक्रम में भाग लिया। इसके अलावा छह अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं भी हिस्सा ली। यह कार्यक्रम पहले सऊदी अरब, इटली, इंडोनेशिया में हो चुका है। पहली बार भारत की अध्यक्षता हुई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सकुशल सम्पन्न होने पर मुख्यमंत्री ने अतिथियों के सम्मान में आयोजित रात्रि भोज में भी भाग लिया। कार्यक्रम में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी. किशन रेड्डी और केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, संस्कृति मंत्रालय के सचिव और जी-20 सीडब्ल्यूजी के अध्यक्ष गोविंद मोहन, प्रदेश सरकार में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश दुर्गा शंकर मिश्रा के साथ जी-20 देशों के प्रतिनिधि और संस्कृति मंत्री भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम और रात्रिभोज के दौरान विदेशी मेहमानों से भी मुलाकात की। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जी-20 संस्कृति मंत्रिपरिषद की बैठक के बाद ब्राजील को जी20 के अगली बैठक की अध्यक्षता की क्विन बटन सौंप दिया। जी20 देशों के संस्कृति मंत्रियों की चौथी एवं अंतिम बैठक में आठ आमंत्रित देश (बांग्लादेश, मॉरिशस, नीदरलैंड, ओमान, सिंगापुर, स्पेन, नाइजीरिया, यूएई) के प्रतिनिधियों को मिलाकर 170 मेहमान शामिल हुए। खास बात यह रही कि भारत में जी-20 संस्कृति मंत्रियों की बैठक के परिणाम दस्तावेज को ₹काशी संस्कृति मार्ग₹ का नाम दिया गया है। सभी सदस्य देशों ने सर्वसम्मति से काशी संस्कृति मार्ग नामक परिणाम दस्तावेज को अपनाया है। जी-20 संस्कृति मंत्रियों ने आज की बहुआयामी विकास चुनौतियों जैसे जलवायु परिवर्तन, बढ़ती असमानताओं और दूसरों के बीच डिजिटल परिवर्तन के प्रभाव को संबोधित करने के लिए संस्कृति की परिवर्तनकारी शक्ति का उपयोग करने पर सहमति जताई और अधिक समावेशी समाजों को आकार देने की आवश्यकता पर जोर दिया, जो पूर्ण सम्मान पर आधारित हैं।



## केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री शाह ने गंगापुर सिटी की धरती से लाल डायरी का जिक्र छेड़कर राजस्थान के मुख्यमंत्री पर जमकर साधा निशाना

# लाल रंग और लाल डायरी से डरते है गहलोत, क्योंकि भीतर छिपा है काले कारनामों का राज : अमित शाह

**AGENCY JAIPUR:** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गंगापुर सिटी की धरती से लाल डायरी का जिक्र छेड़कर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजकल गहलोत साहब लाल रंग और लाल डायरी से बहुत डरते हैं क्योंकि लाल डायरी के अंदर काले कारनामे छिपे हुए हैं। अरबों-करोड़ों रुपये के काले कारोबार का काला चिट्ठा लाल डायरी में है। शाह शनिवार को गंगापुर सिटी में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में शाह ने चंद्रयान की सफलता और सहकार मंत्रालय समेत मोदी सरकार की ओर से किसान हितों में किए गए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद समग्र देश में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। सभा में सरकार विरोधी नारेबाजी को लेकर सीएम गहलोत पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि मैं गहलोत साहब को कहने आया हूं, ये चंद लोग भेजकर नारे लगाने से कुछ नहीं होता है। जरा भी शर्म बची है तो लाल डायरी के मुद्दे पर इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में आइए और हो जाए दो-दो हाथ। उन्होंने टोंकते हुए कहा कि अभी जो लोग नारे लगा रहे थे, नारे लगाने की बजाय चंद्रयान को बढ़ाया होता और सहकार मंत्रालय बनाया होता तो ये नारे नहीं लगाने पड़ते। अमित शाह ने कहा कि मैं आ रहा था तो एक किसान ने कहा कि हमारे यहां बिजली नहीं मिलती है। इसके विपरीत बिजली खरीद में धांधली हो रही है। गहलोत साहब को बिजली खरीदी में अधिक रुचि है। सम्मेलन में सहकार समितियों को लेकर लिखी किताब का विमोचन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने किया। शाह ने राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की जीत और केन्द्र में फिर से मोदी सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी सीटें मोदी की झोली में डाली थी। 2024 में भी जनता फिर से सभी सीटों पर भाजपा को जिताएगी। इसके साथ ही जनता लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के लिए भी तैयार है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के किसानों की दशकों पुरानी मांग को पूरा करते हुए देश में अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। प्रधानमंत्री बनने के बाद से मोदी देश में कई अभूतपूर्व काम कर रहे हैं। अलग सहकारिता मंत्रालय का गठन और हाल ही में हमारा चंद्रयान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरना बड़ी उपलब्धि है। चंद्रयान-3 मिशन की सफलता से पूरे देश में नई ऊर्जा और विश्वास का संचार हुआ है क्योंकि दुनिया का कोई देश आज तक वहां नहीं पहुंच सका था। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश के स्पेस मिशन को नई गति और ऊर्जा दी, जिससे आज भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश बन गया है और ये पूरे देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार ने देशभर के किसानों के हित के लिए कई योजनाएं चलाई हैं। पीएम मोदी देश के हर किसान को छह हजार रुपये दे रहे हैं। इसके अलावा कई सारे कृषि ऋण और फसल बीमा के काम भी किए हैं। पिछली सरकार के समय कृषि का बजट बाइस हजार करोड़ था, जिसे मोदी ने छह गुना बढ़ाकर एक लाख पच्चीस हजार करोड़ कर दिया है। पहले किसानों को सात लाख करोड़ रुपये का ऋण दिया गया था, जिसे बढ़ाकर बीस लाख करोड़ तक पहुंचा दिया है।



BRIEF NEWS

## विष्णु अग्रवाल ने ईडी कोर्ट में दायर की बेल याचिका

**RANCHI :** लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल ने रांची पीएमएलए (प्रीवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की है, उन्होंने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जमानत याचिका दाखिल की है। अपनी जमानत याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है, और वह पूरी तरह से निर्दोष हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत अर्जी मंजूर करने की गुहार लगाई है। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं, ईडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

## नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कल दो ट्रेनों के समय में रहेगा बदलाव

**RANCHI :** दक्षिण रेलवे के गुणदला- विजयवाड़ा रेलखंड पर नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण 28 अगस्त को रांची रेल मंडल से परिचालित दो ट्रेनों के प्रस्थान समय में फेरबदल किया गया है। जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 22837 हटिया-एणार्कुलम एक्सप्रेस 28 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के बदले ढ़ाई घंटे विलंब से हटिया से खुलेगी। इसके अलावा ट्रेन संख्या 13351 धनबाद-अलापुझा एक्सप्रेस भी 28 अगस्त को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के बदले ढ़ाई घंटे विलंब से धनबाद से रवाना होगी।

## जन विश्वास बिल से ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को मिलेगा बल : जेएसपीडीए

**RANCHI :** झारखंड कंज्यूमर प्रोडक्ट डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन ने जन विश्वास बिल को व्यापार में बदलाव के लिहाज से अहम बताया। जेसीपीडीए के अध्यक्ष संजय अखौरी ने कहा कि इस बिल के प्रभावी होने से पर्यावरण, कृषि, उद्योग, व्यापार समेत कई अन्य क्षेत्रों में बदलाव दिखेगा। यह बिल 19 मंत्रालयों से जुड़े 42 कानूनों के 183 प्रावधानों को जेल की सजा से मुक्त करेगा। जिससे ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग में आसानी होगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यापार जगत की चिंता का समाधान इस बिल के माध्यम से किया है। इसके तहत शिकायत करने की व्यवस्था में बदलाव, प्राथमिकी से पहले प्रारंभिक जांच, किसी भी अपराध में जेल की जगह जुमार्ना लगाने की व्यवस्था की गई है। जिससे लोगों में भय कम हो सकेगा और व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा।

## बालाजी मंदिर में विशेष धार्मिक अनुष्ठान आज

**RANCHI :** रातू रोड स्थित श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में शनिवार को पुत्रदा एकादशी पर विशेष धार्मिक अनुष्ठान होंगे। मंदिर में सुबह में जगत नियंता के विश्वरूप दर्शन के बाद अभिषेक होगा। दैनिक पूजा, भोग चढ़ाने के बाद नक्षत्र, कुम्भ और कपूर आरती होगी। इसके बाद भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण होगा। मंदिर व्यवस्था से जुड़े रंजन सिंह ने बताया कि श्रद्धालु सुबह सात से 12 बजे और शाम में चार से सात बजे तक विशेष पूजा अनुष्ठान में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि मान्यता के अनुसार पुत्रदा एकादशी पर बालाजी की अराधना से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# गैंगस्टर किशोर पांडेय की पत्नी के खिलाफ CCA मामले में HC ने सरकार से मांगा जवाब

## कोर्ट ने पूछा- निशि पांडेय के खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है




**SPECIAL REPORTER RANCHI :** गैंगस्टर रहे स्व. किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट (सीसीए) के तहत पारित आदेश को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। जिला प्रशासन द्वारा सीसीए के तहत निशि पांडेय को 6 माह तक प्रतिदिन पतरातू थाना इंचार्ज के समक्ष हाजिरी लगाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि निशि पांडेय खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल त्रिवेदी ने कोर्ट को बताया कि निशि पांडेय के खिलाफ सीसीए का कोई मामला नहीं बनता है। उनके खिलाफ जो चार केस का जिक्र किया गया है, वह पुलिसकर्मियों द्वारा दर्ज कराया गया है। उसमें से दो केस में वह नामित नहीं है, बाकी दो केस इस तरह का नहीं है जिससे उन पर सीसीए लगाया जा सके। एक केस जिसमें उनका नाम है वह जमानतीय अपराध है। उक्त चारों केस किसी भी व्यक्ति विशेष ने उनके खिलाफ दर्ज नहीं किया है। प्राथमिकी में उनके खिलाफ कहीं स्पेसिफिक आरोप नहीं है जिससे उनके खिलाफ सीसीए लगे। एंटी सोशल एलिमेंट्स जैसे मापदंड उन पर लागू नहीं होता है। इसलिए उनके खिलाफ सीसीए के तहत प्रतिदिन पतरातू थाना में हाजिरी लगाने के आदेश को निरस्त किया जाए।

# पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने का मामला पहुंचा HIGH COURT, राज्य सरकार व JSSC को नोटिस जारी

## बीआरपी, सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की याचिका पर हाईकोर्ट में हुई सुनवाई



**RANCHI :** सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50% आरक्षण दिए जाने को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले को लेकर दायर बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी।

मामले में जेएसएससी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50% आरक्षण की सुविधा दी गई थी। बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50% आरक्षण देने का प्रावधान है। शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी आरक्षण मिलना चाहिए था।

# धोखाधड़ी मामले में कुलदीप संस ज्वेलर्स के संचालक समेत तीन की अर्जी खारिज

**RANCHI :** अपर न्यायायुक्त एमके वर्मा की अदालत ने निःशक्त सह लकवाग्रस्त रिश्तेदार के फर्जी हस्ताक्षर कर हिनू स्थित पांच डिसमिल से अधिक जमीन हड़पने के मामले में आरोपी कुलदीप संस ज्लेवर्स के संचालक सुनील कुमार वर्मा, छोटे भाई सुरेंद्र कुमार वर्मा एवं संबंधी महेंद्र प्रताप को अग्रिम राहत देने से इनकार किया है। अदालत ने तीनों की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी सुनवाई पश्चात खारिज कर दी है। इससे तीनों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अदालत में सुनवाई के दौरान सूचक के वकील अनिल कुमार सिंह महाराणा ने कहा कि फर्जी हस्ताक्षर की जांच कोलकाता स्थित दस्तावेज फॉरेंसिक एक्सपर्ट से करवायी गई है, जहां फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ। धोखाधड़ी से हासिल जमीन पर अपार्टमेंट बनाया जा रहा है। वहीं, प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता आरएस मजूमदार ने राहत देने का अनुरोध किया। अदालत ने बहस सुनने के पश्चात तीनों की अर्जी खारिज कर दी। यह मुकदमा अशोक कुमार ने मई 2023 में किया है।

# एल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशक को मिली अग्रिम जमानत

**RANCHI :** झारखंड हाईकोर्ट ने चिट फंड कंपनी में पैसा निवेश करने के से जुड़े धोखाधडी के आरोपी कृष्णा कबीर को अग्रिम जमानत दी है। कृष्णा कबीर अल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशक हैं। उनकी याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि कोर्ट के आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन सप्ताह के भीतर वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण करेंगे। अदालत ने उन्हें निचली अदालत में 1-1 लाख रुपए के दो निजी मुचलके जमा करने का निर्देश दिया है। जिसमें से एक जमानतदार आयकर दाता होना चाहिए।

# एनआईए ने कुख्यात माओवादी कमांडर नागेंद्र उरांव से पांच दिनों तक की पूछताछ

## कई कांडों में था शामिल, 6 जून किया गया था गिरफ्तार

**CRIME REPORTER RANCHI :** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने कुख्यात माओवादी कमांडर नागेंद्र से पूछताछ की है। एनआईए की रांची ब्रांच ने नागेंद्र को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। पलामू के पांकी निवासी नागेंद्र उरांव ने कई बड़ी घटनाओं को अंजाम दिया है। तीन अलग-अलग घटनाओं में 22 पुलिस के जवान शहीद हो गये थे। बता दें कि लातेहार पुलिस ने बीते छह जून को नागेंद्र को गिरफ्तार किया था।

### माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था नागेंद्र

नागेंद्र उरांव माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था। पिछले कई वर्षों से वह माओवादियों के मारक दस्ते का भी प्रमुख रहा था। वर्ष 2013 कटिया में जिस माओवादी हमले में 12 जवानों की मौत हुई थी। उस हमले में भी नागेंद्र उरांव शामिल था। हमले के बाद माओवादियों ने शहीद पुलिस जवानों के शरीर में आईडी फिट किया गया था। इसके अलावा वर्ष 2018 में माओवादी दस्ते ने खपरी महुआ में पुलिस की टीम पर हमला किया था। जिसमें 6 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में भी नागेंद्र ने मुख्य भूमिका निभाई थी। वहीं वर्ष 2019 में माओवादियों ने चंदवा थाना क्षेत्र में हमला किया था। जिसमें चार जवान शहीद हो गये थे। इस हमले में भी नागेंद्र मुख्य भूमिका निभा रहा था। इसके अलावा कई अन्य हिंसक वारदातों में नागेंद्र मुख्य रूप से शामिल था।

# अवैध खनन मामला : दाहु यादव के भाई सुनील यादव को रांची ईडी कोर्ट में किया गया पेश, जेल

## शुक्रवार को हुई थी गिरफ्तारी, दस महीने पहले जारी हुआ था वारंट


**CRIME REPORTER RANCHI :** 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले के आरोपी दाहु यादव के भाई सुनील यादव को रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में पेश किया गया। जिसके बाद कोर्ट ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सुनील यादव को ईडी ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। ईडी साहिबगंज में हुए 1000 करोड़ के अवैध पत्थर खनन मामले की जांच मनी लॉन्ड्रिंग के तहत कर रही है। इस मामले में दाहू यादव और सुनील यादव के खिलाफ दस महीने पहले वारंट जारी किया गया था। लेकिन अभी भी दोनों पुलिस की गिरफ्त से बाहर चल रहे थे। ईडी की विशेष अदालत ने साहिबगंज पुलिस को निर्देश भी दिया था कि दोनों ही आरोपियों की गिरफ्तारी में वे ईडी का सहयोग करे। बता दें कि दाहू और सुनील यादव सगे भाई हैं। इन पर विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है।

### 500 रुपये प्रति ट्रक की दर से वसूली का आरोप

दाहू यादव पर मेसर्स इंफ्रालिंक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड का स्टीमर गलत तरीके से चलवाने का भी आरोप है। 23 मार्च 2022 को हुई दुर्घटना और अवैध स्टोन चिप्स ढुलाई मामले में ईडी ने इंफ्रालिंक के स्टीमर को जब्त किया था। जिसे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की देखरेख में चलाया जाता था। दोनों भाईयों पर आरोप है कि वे स्टीमर के सहारे स्टोन चिप्स ढोनेवाले ट्रकों से पंकज मिश्रा के लिए 500 रुपये प्रति ट्रक की दर से वसूली करते थे। बच्चू यादव ने ईडी को दिये गये अपने बयान में इस बात को स्वीकार किया था।

# झारखंड में संविदा पर नियुक्त महिला कर्मियों को मिलेगा 180 दिनों का मातृत्व अवकाश

**PHOTON NEWS RANCHI :** राज्य कर्मियों की तर्ज पर संविदा के आधार पर नियुक्त एवं कार्यरत कर्मियों को मातृत्व अवकाश की सुविधा दी जाएगी। वित्त विभाग ने इस संबंध में शनिवार को संकल्प जारी कर दिया है। वित्त विभाग के संकल्प के बाद अन्य विभागों की ओर से निर्देश जारी किये जा रहे हैं। इसी आलोक में ग्रामीण विकास विभाग ने झारखंड के सभी मनरेगा अंतर्गत संविदा पर कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को मातृत्व अवकाश के सुविधा अनुमान्य करने की स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस



संबंध में मनरेगा आयुक्त राजेश्वरी बी ने सभी उपायुक्त व उप विकास आयुक्त को पत्र लिखा है और नियमानुसार मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत महिला क्षेत्रीय कर्मियों को 180 दिन का मातृत्व अवकाश देने का निर्देश दिया है। झारखंड राज्य के अन्य पड़ोसी राज्य में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को पहले से ही मातृत्व अवकाश देने का प्रावधान है। ऐसे में राज्य सरकार ने विचार कर केंद्रीय अधिनियम झारखंड हाई कोर्ट में विभिन्न वादों में पारित आदेश तथा पड़ोसी राज्यों में संविदा के आधार पर नियुक्त महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने से संबंधित प्रभावी प्रावधान को देखते हुए संविदा पर नियुक्त एवं नियमित रूप से कार्यरत महिला कर्मियों को मातृत्व अवकाश देने की स्वीकृति दी है। 25 जुलाई 2023 कैबिनेट के फैसले के बाद वित्त विभाग ने संबंध में संकल्प जारी किया है।

### इन महिला कर्मियों को मिलेगा मातृत्व अवकाश

- जो महिला कर्मी पिछले 12 महीने में 80 दिन तक संविदा पर कार्य कर चुकी हो उन्हें 180 दिन का मातृत्व अवकाश अनुमान्य होगा।
- यह अवकाश दो जीवित संतान के उपरांत हुए परिवार पर लागू नहीं होगा।
- अवकाश के लिए संविदा राशि छुट्टी पर जाने से पहले मिले अंतिम संविदा राशि के बराबर होगा।

## झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव पर मारपीट का आरोप

**RANCHI :** रांची के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता एक बार फिर विवादों में है। इस बार प्रतियोगिता में भाग लेने आए खिलाड़ी आदित्य कुमार चौरसिया (झारखंड के धनबाद के खिलाड़ी, जो मुम्बई में किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं) ने झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के सचिव विपुल मिश्रा पर जान से मारने की धमकी देने और उनके भाई बिमल मिश्रा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आदित्य ने बताया कि शुक्रवार देर रात दस की संख्या में आए लोगों ने उसके साथ मारपीट की। वहीं बिमल मिश्रा ने उसे डंडे से पीटा। उसके मुंह को दबाया और घसीटते हुए स्टेडियम के बाहर ले गए। मामले को लेकर आदित्य ने खेलगांव थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

# 28 बच्चों को मिलेगा प्रायोजन देखभाल योजना का लाभ

**PHOTON NEWS RANCHI :** जिले के 28 बच्चों को प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) का लाभ मिलेगा। योजना के तहत प्रति बच्चा प्रतिमाह चार हजार रुपये की दर से राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपये की दर से दिया जायेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमिटि राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत समिति की बैठक में यह तय किया गया है। बैठक में सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रायोजन देखभाल योजना मार्गदर्शिका 2018 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में देखरेख एवं संरक्षण योग्य बच्चों के मामले के समव्यवहार को देखते हुए बाल कल्याण समिति द्वारा 28 बच्चों को सीएनसीपी (देखरेख एवं संरक्षण योग्य) घोषित करते हुए योजना का लाभ देने की अनुशंसा की गयी थी। महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों जिनके परिवार की वार्षिक आय 75000 तक हो,



- स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय
- उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक
- प्रतिमाह चार हजार रुपये की दर से राशि का होगा भुगतान

बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हों, ऐसे बच्चे जिनके माता/पिता किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हों, जिनमें एचआईवी/एड्स/लेप्रोसी एवं शत प्रतिशत दिव्यांगता हो अथवा माता/पिता दोनों कारागृह में हों, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी या अन्य दुर्व्यवहार से प्रभावित बच्चे, जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है, के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उनकी पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवार को अनुपूरक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान है।

## प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन, योग मुद्राएं देख मंत्रमुग्ध हुए लोग

# रांची में योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप का शानदार आगाज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से रांची के बूटी मोड़ स्थित मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल में आयोजित दो दिवसीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की आज शनिवार को शुरूआत की गयी। योगासन प्रतियोगिताएं चार स्तर पर आयोजित की गयीं। इस दौरान हर उम्र के प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पारंपरिक नागपुरी गीत-नृत्य व एरियल योगा डांस से इस योगासन चैंपियनशिप की शानदार शुरूआत की गयी। इस दौरान योग मुद्राएं देख लोग मंत्रमुग्ध हो गए।




योगासन करते प्रतिभागी ● फोटोन न्यूज

प्रतिभागियों का संतुलन देखते ही बन रहा था। रांची जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में आज शनिवार को रांची जिला स्तरीय योगासन स्पोर्ट्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि रांची के सांसद संजय सेठ, मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल के अध्यक्ष मनराखन महतो, झारखंड योगासन भारत के अध्यक्ष संजय सिंह, झारखंड जनरल सेक्रेटरी (योगासन भारत) बिपिन पांडे, मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल की प्रिंसिपल रेखा नायडू एवं संरक्षक ईश्वर चंद उपस्थित थे। इन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम के पहले दिन एसोसिएशन की जिला सचिव संतोषी कुमारी, आयोजन सचिव आर्य प्रह्लाद भगत, कोषाध्यक्ष डॉ एसके घोषाल, तकनीकी निदेशक शंकर राणा, कंप्यूटर तकनीक राहुल रंजन, चैताली मुखर्जी, सुजीत कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

### एरियल योगा डांस से प्रतियोगिता की शुरुआत

कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागपुरी पारंपरिक नृत्य एवं एरियल योगा डांस से हुई। मौके पर विशिष्ट अतिथि योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉ जयदीप आर्या ने ऑनलाइन संदेश दिया। स्वागत भाषण संतोषी कुमारी और स्वास्तिक उच्चारण डॉ एसके घोषाल ने किया। योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप की शनिवार को शुरूआत हुई। प्रतियोगिताएं चार स्तर पर आयोजित की गयीं। इसमें सीनियर ए 18+ से 28 वर्ष तक, सीनियर बी 28+ से 35 वर्ष तक, सीनियर 35+ से 45 और 45+ से 55 वर्ष तक की उम्र के सभी प्रतिभागी शामिल हुए और इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया गया।

# चिकित्सक की लापरवाही से नसबंदी का OPERATION कराने पहुंची महिला की मौत

## परिजनों ने चिकित्सक पर लापरवाही का लगाया आरोप, घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश

- महिला के पति ने बताया कि पत्नी का ऑपरेशन डॉ धीरज कुमार ने किया था
- ऑपरेशन के लिए शुक्रवार की शाम बगोदर अस्पताल पहुंची थी महिला, ऑपरेशन के बाद देर रात हो गयी मौत
- घटना के बाद अस्पताल परिसर से चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी हो गए फरार

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** बगोदर स्थित सामुदायिक अस्पताल में नसबंदी का ऑपरेशन के कुछ घंटे बाद ही एक महिला की मौत हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य कर्मियों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। इधर घटना के बाद राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकताओं ने बगोदर सीएससी पहुंचकर धरना प्रदर्शन किया। मौके पर पहुंचे विधायक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मामले की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है।इसे भी पढ़ें- मृतका का नाम प्रियंका देवी है, वह बगोदर अंतर्गत हरिजन टोला की रहने वाली थी। वह चार बच्चे की मां थी। महिला की मौत के विरोध में शनिवार को सुबह में राजनीति एवं सामाजिक कार्यकताओं के द्वारा अस्पताल के दरवाजे पर बैठकर विरोध प्रदर्शन किया गया। साथ ही मामले की जांच व दोषियों पर कारवाई किए जाने की मांग की। मृतका के पति अजय दास ने बताया कि शुक्रवार को शाम 6 बजे उसकी पत्नी का प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। धीरज कुमार के द्वारा ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के पांच घंटे के अंदर रात्रि 11 बजे प्रियंका की मौत हो गई। बताया कि इसके पूर्व उसकी तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य कर्मियों से इलाज का अनुरोध किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा आश्वासन दिया जाता रहा कि डाक्टर आ रहे हैं मगर कोई डाक्टर नहीं पहुंचा और उसने दम तोड़ दी। इधर पुलिस ने शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया है। मौके पर बीडीओ चंदन कुमार सिंह भी पहुंचे हुए थे।



महिला की मौत के बाद अस्पताल में हो-हंगामा ● फोटोन न्यूज

इस घटना की सूचना मिलने पर बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह बगोदर सीएचसी पहुंचे और घटना की जानकारी ली। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि परिजनों का आरोप है कि इलाज में डाक्टरों ने लापरवाही बरती है। इसके कारण महिला की मौत हुई है। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए जांच कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी में बगोदर-सरिया एसडीएम कुंदन कुमार भी रहेंगे। उन्होंने बताया कि जांच के बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि पीड़ित परिजनों को हर संभव सरकारी लाभ दिलाने की कोशिश होगी।इधर महिला का ऑपरेशन करने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ। धीरज कुमार ने कहा है कि ऑपरेशन के पूर्व महिला का सभी तरह का जांच की गई थी। जांच में सभी रिपोर्ट सामान्य था। उन्होंने कहा है कि संभवतः हार्ट अटैक से महिला की मौत हुई होगी। डॉक्टर ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत का कारण स्पष्ट होगा।

## BRIEF NEWS

### लोहरदगा जेल में छापेमारी कई आपत्तिजनक सामान बरामद

**LOHARDAGA:** लोहरदगा मंडल कारा में शुक्रवार देर रात छापेमारी की गयी। जिला प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, शौचालय, कारा परिसर की तलाशी ली गयी, जहां से कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये। 100 की संख्या में पुलिस के जवानों ने जेल में लगभग तीन घंटे तक छापेमारी की। छापेमारी को लेकर राज्य स्तर से निर्देश मिला था, जिसके बाद अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल, डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद, सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक अनिल उरांव, किस्को थाना प्रभारी पॉलीकार्प टोप्पो, भंडारा थाना प्रभारी गौतम कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी पवन कुमार, सनी दास, पूजा कुमारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने जेल पहुंचकर छापेमारी की।

### खूंटी में बिजली की एकमुश्त ब्याज माफी योजना का विस्तार 30 सितंबर तक

**KHUNTI:** बिजली विभाग ने एकमुश्त ब्याज माफी योजना का विस्तार 30 सितंबर तक कर दिया है। यह जानकारी सहायक विद्युत अभियंता शैलेश कुमार कश्यप ने दी। उन्होंने जिला वासियों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। सहायक अभियंता ने बताया कि वैसे विद्युत उपभोक्ता जिनका मीटर खराब हो गया है या नहीं लगा है, वे जल्द कार्यालय में संपर्क कर मीटर लगवा लें। उन्होंने बताया कि विद्युत विभाग उपभोक्ताओं की समस्याओं के निपटारे के लिए 28 अगस्त को मारंगहादा तथा 29 अगस्त को अड़की पावर सबस्टेशन और बिचना में शिविर लगाएगा।

### अफीम तस्करी के दोषी को 12 साल कारावास की सजा

**KHUNTI:** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश दो सत्यकाम प्रियदर्शी की कोर्ट ने शनिवार को अफीम तस्करी के एक दोषी को 12 वर्ष सश्रम कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई।जिला पुलिस ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कोर्ट ने मारंगहादा थाना कांड संख्या 08/19 के दोषी डोंगे मुंडा ग्राम कुरकुटा थाना मारंगहादा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 18 (बी) में सजा सुनाई। उसे 25 मार्च, 2019 को आठ किलो 300 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

### लोक अदालत में आठ मामलों का निष्पादन, पांच लाख के राजस्व की वसूली

**KHUNTI:** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष सत्य प्रकाश के मार्गदर्शन में शनिवार को व्यवहार न्यायालय खूंटी में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा के प्रभारी अध्यक्ष सत्यकाम प्रियदर्शी ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले जो न्यायालय में लंबित है, उसे न्यायालय से पहले सुलह के लिए मध्यस्थता केंद्र में भेजा जाता है। उन्होंने संबंधित अधिवक्ता और पक्षकार से सहयोग करने और लाभ लेने की बात कही। डलसा सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले को न्यायालय मध्यथता के माध्यम से सुलह कराता है। यह सरल, सुलभ, शुल्क रहित और शीघ्र प्रक्रिया है। लोक अदालत के अवसर पर गठित कर बैंचों के माध्यम से आठ मामलों का निष्पादन किया गया तथा 574529 रुपये का सेटलमेंट किया गया।

### गिरिडीह में 40 किलो गांजा बरामद

**GIRIDIH:** जिले की बगोदर थाना पुलिस ने 40 किलो गांजा जब्त किया है। इसकी कीमत 20 लाख रुपये बताई गई है। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने शनिवार को बताया कि सफेद रंग की डस्टर गाड़ी से गांजा की तस्करी की जा रहा था। एसडीपीओ नौशाद आलम ने बगोदर थाना प्रभारी नीतीश कुमार के साथ मिलकर ऑपरेशन चलाया और देर रात 12 बजे के करीब डोंडलो गांव से गांजा जब्त किया गया। हालांकि, गाड़ी का चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस इसकी तहकीकात कर रही है।

# ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत



**PHOTON NEWS RAMGARH:** रामगढ़-बोकारो मार्ग के चितरपुर मेन रोड में शुक्रवार रात सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गयी है। मृतक की पहचान चरगी पेटरवार निवासी धनंजय कुमार महतो लगभग (22) के रूप में हुई। जानकारी के अनुसार मृतक अपने हीरो ग्लैमर मोटरसाइकिल (जेएच24 के-4165) से रामगढ़ की ओर जा रहा था। इस बीच विपरीत दिशा से आ रहे ट्रेलर ने उसे धक्का मार दिया। इस हादसे में घटनास्थल पर ही युवक की मौत हो गयी। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना रजरप्पा पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी हरिनंदन सिंह सदलबल घटनास्थल पहुंचे। इस बीच शव की शिनाख्त को लेकर ग्रामीणों ने युवक के पॉकेट से आधार कार्ड और पैन कार्ड निकाला। तब युवक की पहचान हो पायी। इसके आधार पर मृतक की पहचान राजेश महतो के पुत्र धनंजय कुमार महतो के रूप में हुई। पुलिस ने युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है।

# चतरा में शालिग्राम उपाध्याय हत्याकांड का खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**PHOTON NEWS CHATRA:** जिले की ईटखोरी पुलिस ने शालिग्राम उपाध्याय हत्याकांड का खुलासा करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें राहुल कुमार पंडित, विशाल कुमार उर्फ केतृ पंडित और मृतक की पत्नी सावित्री देवी शामिल हैं। इनके पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू, घटना के वक्त राहुल कुमार का खून से सना कपड़ा और विभिन्न कंपनियों का दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। चतरा के एसडीपीओ अविनाश कुमार ने शनिवार को बताया कि 24 अगस्त को ईटखोरी चौक के पास मनोज पासवान के झोपड़पट्टी होटल में शालीग्राम उपाध्याय को अज्ञात लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के जीजा बबलू दास के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने वारदात में शामिल तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया। तीनों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। मृतक की पत्नी हत्याकांड की मास्टर माइंड बतायी जा रही है। सावित्री और उसके दो भाईयों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में हत्या की वजह बीमार पत्नी का इलाज नहीं कराना, शराब पीकर आए दिन बेरहमी से बीमार पत्नी के साथ मारपीट करना और व्यवसाय करने को लेकर मृतक द्वारा ससुराल से ट्रेलर की मांग बताया गया।



प्रेस कांफ्रेस में जानकारी देते एसडीपीओ अविनाश कुमार ● फोटोन न्यूज

# गिरिडीह पुलिस ने लूट के दो आरोपियों को दबोचा

**PHOTON NEWS GIRIDIH:** एसबीआई की मकतपुर शाखा से एक लाख तीस हजार रुपये निकाल कर घर लौट रहे कोडरमा दंपती को लूटने की वारदात का खुलासा गिरिडीह पुलिस ने कर लिया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा और डीएसपी संजय राणा के साथ नगर थाना प्रभारी प्रशांत कुमार ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दिया। एसपी ने बताया कि शहर के नटराज चौक में हुई लूट की घटना में नगर थाना पुलिस ने दो आरोपितों सींटू यादव व मनीष यादव को दबोचा है। इनके पास से एक बाइक, एक मोबाइल, गाड़ी की डिक्की तोड़ने वाले औजार और आठ हजार नकदी बरामद हुए है।



एसपी ने बताया की दोनों बेहद शातिर अपराधी हैं। दोनों का एक इंटरस्टेट गिरोह है। कई और अपराधी इस गिरोह में शामिल हैं। सिंटू यादव दिल्ली के बाराहिंदू राव थाना इलाके में 2019 में एक आपराधिक घटना को अंजाम देने के आरोप में दिल्ली की जेल में रह चुका है। इस गिरोह के अपराधी बैंक ग्राहकों को टारगेट बनाते थे।

# पलामू में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा


**PHOTON NEWS PALAMU:** मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले में बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर सत्यापन कार्य का शनिवार को मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग रांची के स्तर से प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों ने समीक्षा की। जांच दल में शामिल पदाधिकारियों ने सभी विधानसभा क्षेत्र के चयनित मतदान केंद्रों के बीएलओ एवं सुपरवाइजरों के द्वारा जांच की गई बीएलओ रजिस्टर एवं वोटर लिस्ट की गहनतापूर्वक जांच की। इसके पश्चात पदाधिकारियों ने बीएलओ एवं सुपरवाइजरों को बेहतर तरीके से कार्य निष्पादन करने को लेकर कई निर्देश दिये।



छतरपुर व डालटनगंज विस क्षेत्र के विभिन्न बूथों का किया दौरा

टीम ने छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या 157-उत्क्रमित मध्य विद्यालय, कजरी व डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 323-पंचायत भवन, खामडीह में घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन एवं पन्ना वेरिफिकेशन का कार्य का अवलोकन किया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित कर निर्वाचन से जुड़े विभिन्न समस्याओं का समाधान भी किया। इस मौके पर संबंधित मतदान केंद्र के बीएलओ एवं सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### खूंटी में शादी के नाम पर नाबालिग लड़की का यौन शोषण, मामला दर्ज



**KHUNTI:** जिले के मुरहू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के मामले में पीड़ित ने महिला थाने में आरोपित के विरुद्ध लिखित शिकायत की है।शिकायत में पीड़ित लड़की ने कहा है कि आरोपित शादी का झांसा देकर महीनों तक उसका यौन शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हो गई है, तो वह शादी से इनकार कर रहा है। आरोपित भी नाबालिग है और उसका रिश्तेदार भी है।

# लोहरदगा में रेफरल जजेज और मध्यस्थों के लिए जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन



**PHOTON NEWS LOHARDAGA:** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आज रेफरल जजेज एवं मध्यस्थता को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मध्यस्थ और न्यायाधीश के बीच संवाद स्थापित करना था ताकि वादों का सफल निष्पादन सुनिश्चित हो सके। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि मध्यस्थता के माध्यम से लगातार वादों के निष्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। केंद्र सरकार नया मध्यस्थता कानून भी ला रही है। प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सुभाष ने मध्यस्थों से आग्रह किया कि पार्टी जो चाहती है, उसी के अनुसार मामले को देखें और सुलझाने का प्रयत्न करें। यदि मामला नहीं सुलझ पाता है तो इसके लिए पार्टी पर जोर जबरदस्ती नहीं की जाए। कार्यक्रम में प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी, डालसा सचिव राजेश कुमार, न्यायिक दंडाधिकारी राज कल्याण के अतिरिक्त मध्यस्थ उपस्थित थे।

## प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों का नेशनल टीम में किया जाएगा चयन

# खूंटी में राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी टूनार्मेंट प्रदेश के 200 स्कूलो के बच्चे ले रहे हिस्सा

**PHOTON NEWS KHUNTI:** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय राज्य स्तरीय नेहरू कप हॉकी प्रतियोगिता के तीसरे दिन शनिवार को अंडर 17 बालक/ बालिका वर्ग और अंडर 15 बालक वर्ग का सेमी फाइनल मैच खेला गया। अंडर 17 बालिका वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और रांची के बीच खेला गया। सेमीफाइनल के इस मैच को एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 4-0 गोल से जीत कर फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी लचरागढ़ एवं एसटीसी बरियातू के बीच खेला गया।इसमें बरियातू की टीम 3-0 से मैच जीत कर फाइनल में पहुंचा। अंडर 17 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और सिमडेगा के बीच खेला गया, इसमें एसटीसी सिमडेगा की टीम ने 5-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच एसटीसी खूंटी और लोहरदगा के बीच खेला गया, इस मैच में खूंटी की टीम ने लोहरदगा को 16-0 से रौंदकर फाइनल में अपना स्थान बनाया।



इसी प्रकार अंडर 15 बालक वर्ग का पहला सेमीफाइनल मैच एसटीसी गुमला और रांची के बीच खेला गया, जिसमें गुमला की टीम ने 8-1 से मैच जीत कर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच सिमडेगा और एसटीसी लातेहार के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण हुए इस मैच को सिमडेगा की टीम ने 3-2 से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन रविवार को तीनों वर्गों का फाइनल मैच खेला जाएगा। अंडर 15 बालक वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी गुमला और सिमडेगा के बीच सुबह 8 :30 बजे से खेला जाएगा। इसी प्रकार अंडर-17 बालक वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी खूंटी एवं एसटीसी सिमडेगा के बीच रविवार को सुबह 10 बजे से खेला जाएगाञ वहीं अंडर 17 बालिका वर्ग का फाइनल मैच एसटीसी सिमडेगा और एचटीसी बरियातू के बीच अपराह्न दो बजे से खेला जाएगा। इससे पूर्व अंडर 17 बालक वर्ग के पहले क्वार्टर फाइनल मैच में एसटीसी खूंटी ने चतरा को 10 - 0 से, दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच में एसटीसी सिमडेगा ने लातेहार को 10 -0 से, तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में सिमडेगा ने पश्चिमी सिंहभूम को 2-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जबकि चौथे क्वार्टर फाइनल मैच में लोहरदगा को गुमला के विरुद्ध वॉकओवर मिला।

# जिला परिषद की बैठक में कई ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा

## जिप उपाध्यक्ष ने कहा-पीडीएस ग्राहकों को मिलेगा अगस्त माह का राशन



**PHOTON NEWS PALAMU:** पलामू जिला परिषद की बैठक में शनिवार को जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिमा कुमारी की अध्यक्षता में कई ज्वलंत मुद्दों पर प्रकाश डाला गया। वहीं कार्यक्रम का संचालन कर रहे जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ.टुटू सिंह ने बताया कि बैठक कई मायनों में अहम रही। बैठक में पीडीएस ग्राहकों के लिए अगस्त माह का राशन उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं लगातार दो वर्षों से पलामू में सुखाड़ के मद्देनजर किसानों के लिए वैकल्पिक खेती के लिए मंथन किया गया। साथ ही, उन्हें खाद और बीज निःशुल्क मुहैया कराने व बिजली विभाग द्वारा जिन किसानों को अधिक बिजली बिल की राशि भेजी गई है, उन्हें संशोधन करते हुए बिजली बिल का भुगतान किस्तों में करने पर चर्चा की गई। इसके अलावे जिले में जितना भी पोषाहार का वितरण होता है, उसकी सूची विभाग द्वारा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है।

वहीं हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल और छत्तरपुर अनुमंडलीय अस्पताल में 24 घंटे 7 सात समय कम-से-कम एक-एक फिजिशियन डॉक्टर को बैठने की व्यवस्था करवाने को स्वास्थ्य विभाग को कहा गया है। बहुत ऐसी शिकायतें आ रही है कि किसी स्कूल में शिक्षक कम हैं और किसी में ज्यादा तो सभी स्कूल में शिक्षकों की व्यवस्था बच्चों के हिसाब से समरूप कराने पर विचार किया गया।

BRIEF NEWS

### राउरकेला : सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



**ROURKELA:** शहर के सेक्टर-3 पुलिस थाना अंतर्गत सेक्टर-2 चौक के पास शनिवार की सुबह एक अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना से व्यक्ति के मौत और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति को स्थानीय लोगों और पुलिस द्वारा बचाया गया और एंबुलेंस बुलाकर अस्पताल में भेजा गया।

### बणई : हाथियों के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 पर लगा जाम



**ROURKELA:** दो हाथियों के उत्पात से 40 गांवों के लोग परेशान हैं। शनिवार सुबह सुंदरगढ़ जिला के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 हाथियों के कारण राजामुंडा, बांकी रेंज यातायात बाधित हो गया। भारी गाड़ियों के घंटो फंसने से जाम लग गया। हाथी लगभग 15 दिनों तक दोनों वन रेंजों में रहा और चावल की फसलों को नष्ट करने के साथ घरों को भी नष्ट कर दिए। वन विभाग इन्हें भगाने की कितनी भी कोशिश कर ले, ये वापस आ ही जाते हैं। क्षेत्र के लोगो को रात में दहशत में जीने को मजबूर हो गए हैं।

### गुरुनानक पब्लिक स्कूल में चन्द्रयान-3 लैंडिंग पर कार्यक्रम आयोजित



**ROURKELA:** गुरु नानक पब्लिक स्कूल में शनिवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के चंद्रमा पर विक्रम और प्रज्ञान की सफल सॉफ्ट लैंडिंग की सफलता को लेकर कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान जीएनपीएस-21 के सेकेंडरी विज्ञान के छात्रों द्वारा ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियां हुई। अंतरिक्ष अन्वेषण की कलात्मक व्याख्याओं को समर्पित एक रचनात्मक कोना बनाया गया था। छात्र प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से कलात्मक अभिव्यक्ति दी।

### राउरकेला : चोरी के मोबाइल के साथ दो गिरफ्तार



**ROURKELA:** शहर के सेक्टर-7 थाना पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना में आरोपियों से 5 मोबाइल फोन और एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है।अभियुक्तों को कोर्ट चालान किया गया है।

### डेंगू की रोकथाम के लिए मानगो नगर निगम ने शुरू किया अभियान



**JAMSHEDPUR:** मानगो नगर निगम के कार्यपालक पदाधिकारी सुरेश यादव के देख रेख में निगम के विभिन्न क्षेत्रों में डेंगू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए उसके रोकथाम के लिए शनिवार को व्यापक अभियान चलाया गया। इसके तहतविभिन्न क्षेत्रों में माइक से डेंगू से बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया गया। डेंगू के रोकथाम हेतु नगर निगम के ओल्ड पुरुलिया रोड,आजाद नगर,जाकिर नगर ,डिमना रोड,डिमना बस्ती आदि क्षेत्रों में निरीक्षण कर डेंगू के लारवा की जांच की गई। जांच में जिनके घर पर डेंगू का लारवा या जलजमाव आदि पाया गया उन लोगों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना की करने की चेतावनी दी गई।

# JAMSHEDPUR XLRI और CMC VELLORE के बीच हुआ MOU

## हेल्थकेयर प्रोफेशनल को उपलब्ध कराया जायेगा वर्ल्ड क्लास पाठ्यक्रम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** देश की प्रसिद्ध मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच 23 अगस्त 2023 को एक एमओयू हुआ है। हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए उक्त दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य करेंगी। साथ ही हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर एक कोर्स डिजाइन किया जायेगा, जो हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए प्रबंधन कार्यक्रम व सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए मददगार होगा। उक्त एमओयू पर वेल्लोर में संयुक्त रूप से हस्ताक्षर हुआ। जिसमें एक्सएलआरआइ दिल्ली कैंपस के डायरेक्टर केएस। काश्मीर, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, सीएमसी वेल्लोर के डायरेक्टर डॉ विक्रम मैथ्यूज व सीएमसी वेल्लोर के प्रिंसिपल सोलोमन सतीश कुमार शामिल थे।



एक्सएलआरआइ में एमअसेयु के बाद दस्तावेजो आदान-प्रदान करते दोनो पक्ष के लोग • फोटोन न्यूज

मौके पर मौजूद फादर काश्मीर ने कहा कि भारत की सतत और समावेशी विकास की यात्रा में सस्ती, सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से संबंधित अत्याधुनिक प्रबंधन प्रथाओं में प्रशिक्षित बड़ी संख्या में पेशेवरों की आवश्यकता होगी। हम देश के भविष्य की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के अपने प्रयास में सीएमसी वेल्लोर के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। साथ ही एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डायरेक्टर फादर। जॉर्ज सेबेस्टियन ने कहा, ह्लहमारे प्लैटिनम जुबली वर्ष में, सीएमसी वेल्लोर के साथ यह साझेदारी राष्ट्र की बेहतरी के लिए काम करने वाले दोनों अग्रणी संस्थानों के लिए नए रास्ते खोलने में मदद करेगी। कहा कि देश के लिए अत्यधिक कुशल, जिम्मेदार, नैतिक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को प्रदान करने की दिशा में यह एमओयू मील का पत्थर साबित होगा। वहीं, डॉ. विक्रम मैथ्यूज ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि स्वास्थ्य देखभाल के लिए संस्थान के प्रबंधकीय व प्रशासनिक कौशल को और अधिक बढ़ाने का प्रयास किया जायेगा, इसी वजह से दोनों संस्थान मिल कर पाठ्यक्रम तैयार करेंगे, जिसका फायदा पूरे देश को होगा।

वहीं, डॉ. सोलोमन सतीशकुमार ने कहा कि हेल्थकेयर संस्थानों के लिए अच्छा प्रबंधन उस संस्थान के विकास और विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उक्त कोर्स को जनवरी 2024 में लांच किया जायेगा। विदित हो कि एक्सएलआरआइ जमशेदपुर की स्थापना वर्ष 1949 में हुई थी जबकि क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर की स्थापना 1900 में हुई थी। साथ ही एक्सएलआरआइ जमशेदपुर द्वारा देश में पहली बार इंडस्ट्रियल वेलफेयर पर फुल टाइम मैनेजमेंट कोर्स की शुरूआत की गयी थी, वहीं सीएमसी वेल्लोर को भारत का पहला ओपेन हार्ट सर्जरी करने का गौरव हासिल है। उक्त दोनों प्रीमियर संस्थान के बीच एमओयू होने से दोनों ही संस्थान प्रबंधन में उत्साह है।

## एमजीएम की लिफ्ट में एक घंटे फंसा रहा युवक



लिफ्ट में फंसा युवक • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** एमजीएम अस्पताल के मेडिसिन वार्ड की लिफ्ट में शनिवार को परसुडीह निवासी विक्रांत प्रसाद एक घंटे तक फंसा रहा। इस दौरान गर्मी से युवक को परेशानी हुई। युवक ने बताया कि उसका मरीज मेडिसिन वार्ड में भर्ती है। वह दवा लेकर मरीज को पहुंचाने जा रहा था। इसी दौरान लिफ्ट तीसरा तल्ला पहुंचने से पहले ही फंस गई। हालांकि वह लिफ्ट में अकेला था। इस कारण उसने हिम्मत से काम लिया। भीतर से चिल्ला कर उसने लोगों को बताया कि वह लिफ्ट में फंस गया है। मामले की जानकारी अधीक्षक को मिली तो उन्होंने तुरंत अस्पताल के बिजली मिस्त्री राजेश सिन्हा को भेजा। उन्होंने लोहे का सरिया डाल कर लिफ्ट का दरवाजा खोला और युवक को बाहर निकाला। भाजपा नेता विमल बैठा ने बताया कि एमजीएम में लिफ्ट का मेंटेनेंस नहीं होता है। इस कारण अक्सर मरीज और उनके परिजन लिफ्ट में फंस जाते हैं। अस्पताल प्रबंधन को इस दिशा में कोई कदम उठाना चाहिए।

## उदितनगर के नए थाना प्रभारी का स्वागत



थाना प्रभारी राम प्रसाद नाग का स्वागत करते सामाजिक कार्यकताओं का दल • फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS ROURKELA:** महीने भर बाद उदित नगर थाना में नए थानेदार के रूप में राम प्रसाद नाग की नियुक्ति हुई। उदित नगर थाना क्षेत्र के सबसे बड़े इलाके मालगोदाम अंचल से बीजद से जुड़े नेता एवं सामाजिक कार्यकताओं की दल ने शनिवार की दोपहर में नए थाना प्रभारी राम प्रसाद नाग से एक सौजन्यामुलक मुलाकात कर उनका उन्हें फूलों की गुलदस्ता देकर स्वागत किया। मालगोदाम अंचल से सामाजिक कार्यकताओं में सीताराम दत्ता, अशोक चौधरी, जोनो नायक,लक्ष्मी सिंह, संजय श्रीवास्तव, टिल्लू, शिवा, दिनेश, अजय, गुड्ड, टूटू पात्र, पिंटू धल आदि ने शनिवार को नए थाना प्रभारी राम प्रसाद नाग का स्वागत किया। वहीं कानून व्यवस्था बेहतर करने की मांग की। थानेदार ने आम लोगो से अपराध नियंत्रण पर सहयोग की अपील की।

## को-आपरेटिव कॉलेज में यूजी प्रथम समेस्टर के छात्रों का परिचय सत्र आयोजित

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** जमशेदपुर को आपरेटिव कॉलेज में शनिवार को बहुउदेशीय भवन में यूजी सेमेस्टर प्रथम के बच्चों का परिचय सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कालेज के प्राचार्य डा अमर सिंह के एवं अन्य वरीय शिक्षकों के द्वारा द्वीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का विधिवित रूप से उद्घघाटन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता आइक्यूएससी की कोर्डिनेटर डा नीता सिन्हा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डा अमर सिंह ने अपने संबोधन में बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए महाविद्यालय के द्वारा पुरा प्रयास किया जा रहा है। छात्र छात्राओं के लिए बेहतर पुस्तकालय से लेकर बेहतर लैब तक का व्यवस्था किया गया है। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को अनुशासित तरीके से पठन पाठन करके महाविद्यालय का नाम रौशन करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को शिक्षकों से परिचय वनस्पति विभाग



डा अमर सिंह व अन्य वरीय शिक्षकों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घघाटन करते • फोटोन न्यूज

के हेड तथा सीनेटर ब्रजेश कुमार ने कराया। इस दौरान सभी शिक्षकों ने अपना परिचय दिया। कार्यक्रम के दौरान नामांकन प्रभारी अशोक कुमार रवानी,ब्रांच कोर्डिनेटर विनय कुमार सिंह एवं परीक्षा नियंत्रक डा भूषण कुमार सिंह ने भी अपनी बातों को रखा। इस अवसर पर डा सुनीता सहाय, डा एस एन ठाकुर,डा शालिनी शर्मा, डा किरण दुबे,डा आर एस पी सिंह,डा स्वाती सोरेन,डा दुर्गा तामसोय,डा प्रभात कुमार सिंह,डा राजेश कुमार, डा मंगला श्रीवास्तव, डा कृष्णा प्रसाद,डा अनिल झा,डा स्वाती वत्स,डा अनुपम,डा अनिता, डा विक्रमादित्य सिन्हा,डा पियाली विश्वास,डा नूर दानिश,प्रियंका कुमारी, डा शोभा कुमारी, डा रमेश कुमार, डा रूचिका तिवारी,डा रविशंकर राय, डा पुष्पा तिवारी, डा अक्षय लुगुन, के अलावा काफी संख्या में शिक्षक शिक्षिका उपस्थित थे।

## राउरकेला : देवेन्द्र कुमार दाश की मनी प्रथम पुण्यतिथि

**PHOTON NEWS ROURKELA:** प्रगति उत्कल संघ के आजीवन सदस्य एवं प्रकाशन सलाहकार शिक्षाविद् देवेन्द्र कुमार दास प्रथम पुण्यतिथि संघ के अध्यक्ष प्रताप कुमार स्वाई की अध्यक्षता में आयोजित हुई। अध्यक्ष सहित उपस्थित कर्मचारियों एवं सदस्यों ने स्वर्गीय दास के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। योग प्रशिक्षक पीतावास प्रधान, उपाध्यक्ष रश्मी रंजन बोइताई, घनश्याम धल, राधामोहन नायक, लक्ष्मण नाथ दास, कार्यवाहक सदस्य सत्य नारायण दास, अर्जुन भुइयां, रतिकांत मिश्रा ने उनकी स्मृति की



देवेन्द्र कुमार दाश की प्रथम पुण्यतिथि मनाते लोग • फोटोन न्यूज

चर्चा की। वक्ताओं ने देवेन्द्र कुमार दाश को उड़िया और अंग्रेजी दोनों भाषाओं के साहित्य में उत्कृष्ट ज्ञानवान और एक शानदार वक्ता बताया। वह एक स्पष्टवादी व्यक्ति थे। सभा में वरिष्ठ कार्यकारी सदस्य सुभ्रांशु शेखर महापात्र, इंद्रमणि महापात्र, परीक्षित गुरु, बिपिन बिहारी पटनायक, अरविंद पात्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबकि कुछ उपाध्यक्ष अजय कुमार गोस्वामी, प्रदीप कुमार पटनायक, नारायण चंद्र महंत, पूर्ण चंद्र जेना, धरिनीधर समल, गंगाधर पुहान समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

## बीजेडी की बैठक आयोजित संगठन मजबूती पर हुई चर्चा

**PHOTON NEWS ROURKELA:** जिले के बणई निर्वाचन क्षेत्र में बीजू जनता दल नेताओं ने बरसुआं स्टेशन के पास सास्य ला, भूतुड़ा, फुलझर, हल्दीकुदर, तालबहाड़ी पंचायत की जनता और कार्यकताओं के साथ बैठक की। मुख्य अतिथि के रूप में ओडिशा सरकार के श्रम एवं इएसआई मंत्री सारदा प्रसाद नायक शामिल हुए। इस अवसर पर श्रम मंत्री सारदा प्रसाद नायक ने



मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बहुमुखी योजनाओं के बारे में बीजेडी के कार्यकताओं को गांव गांव और घर घर तक प्रचार करने को कहा। इससे सभी योजनाओं का लाभ लोगो को मिलेगा। वहीं कार्यकताओं को पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया।

## डॉ अनिल चंद्र पाठक को कार्यकाल पूर्ण होने पर परीक्षा नियंत्रक के पद से दी गई विदाई

# वर्कर्स कॉलेज में आयोजित हुआ सावन महोत्सव विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किया सांस्कृतिक कार्यक्रम

**PHOTON NEWS JAMSHEDPUR:** वर्कर्स कॉलेज में शनिवार को सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम कोल्हान विश्वविद्यालय के पूर्व वित्त पदाधिकारी डॉ पीके पाणी के महाविद्यालय में योगदान देने के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक द्वारा पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया गया। साथ ही महाविद्यालय के नवनियुक्त परीक्षा नियंत्रक डॉ. अमरेंद्र सिंह को उनके पद पर स्वागत किया गया तथा निवर्तमान परीक्षा नियंत्रक डॉ अनिल चंद्र पाठक को उनके कार्यकाल पूर्ण होने पर परीक्षा



डॉ पीके पाणी को गुलदस्ता देकर स्वागत करते प्राचार्य डॉ सत्यप्रिय महालिक • फोटोन न्यूज

नियंत्रक के पद से विदाई दी गई। कार्यक्रम के अगले चरण में महाविद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने मिलजुलकर सावन के गीत सुनाए एवं गीतों की धुनों पर थिरके। प्रो. शिप्रा, प्रो हरेन्द्र पंडित, प्रो सुभाष चन्द्र दास , डॉ अनिल चंद्र पाठक तथा रजनी ने गीत प्रस्तुत किये तथा प्रो शोभा मुवाल, प्रो. सुरभि सिन्हा ने नृत्य प्रस्तुत किये। इस अवसर पर संबोधित करते हुए प्राचार्य ने प्रकृति परिवर्तन लाने वाले मौसमों के स्वागत की परंपरा का उल्लेख किया एवम उड़िया भाषा में एक गीत प्रस्तुत किया। सावन महोत्सव के अंतर्गत ही शिक्षकों एवम शिक्षकेत्तर कर्मियों के बीच म्यूजिकल चेयर रेस तथा स्पून बॉल रेस का आयोजन हुआ, जिसमें अव्वल आनेवाले शिक्षकों एवम शिक्षकेत्तर कर्मियों को उपहार प्रदान किये गए। गौरतलब है कि कोल्हान विश्वविद्यालय में पिछले एक महीने से अधिक समय से लगातार परीक्षाएं हो रही थी। इस संस्कृति आयोजन का सभी शिक्षकों ने खुलकर आनंद लिया। कार्यक्रम प्रभारी प्रो. कुमारी प्रियंका, प्रो सुरभि सिन्हा ने सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए

## शराब के नशे में शिक्षक हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**PHOTON NEWS ROHTAS:** शिक्षक जिनपर समाज को सही राह पर ले जाने की बड़ी जिम्मेवारी होती है। गुरुजी के ज्ञान से सभ्य समाज का निर्माण होता है लेकिन जब गुरुजी ही नशे में धुत होकर हंगामा मचाने लगे तो क्या कहेंगे। हालांकि शराबबंदी वाले बिहार में शिक्षक को शराब पीकर हंगामा मचाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वही सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पंचायत शिक्षक ज्ञानजी विश्वकर्मा प्राथमिक विद्यालय चकिया मेंएक शिक्षक के रूप में तैनात हैं।जो आज विद्यालय में शराब के नशे में बच्चों को शिक्षा देने आए थे।वही शराब के नशे में शिक्षक के हंगामे से तंग आकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी।जहा जानकारी मिलते ही शिवसागर पुलिस पलक



झपकते ही मौके पर पहुँच शराबी शिक्षक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।वही शराबी शिक्षक के गिरफ्तारी को लेकर शिवसागर थानाध्यक्ष राकेश गोसाई ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय चकिया शराब के हालत में एक शराबी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है जिसका नाम-ज्ञानजी विश्वकर्मा पिता-कामख्या विश्वकर्मा हैं जो बड्डी थाने के रायपुर गांव का निवासी हैं उसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# फिर सर्वोच्च संवाद

भारत और चीन के बीच उच्चतम स्तर पर संवाद की जो स्थिति बनी है, वह स्वागतयोग्य है। गुरुवार को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संक्षिप्त संवाद आगे बढ़ने की कोशिश या मंशा का ही संकेत है। गलवान के बाद से अनेक अवसर आए थे, जब दोनों देशों के नेताओं के बीच परस्पर संवाद की स्थिति बन सकती थी, लेकिन परिस्थितियां ऐसी बनती रहीं कि दोनों देशों के नेताओं ने एक-दूसरे से दूरी बनाए रखने में ही अपना हित देखा। यह सुखद संयोग है कि एशिया के दो दिग्गज देशों के बीच सर्वोच्च वार्ता की गुंजाइश अफ्रीका महादेश व दक्षिण अफ्रीका में बनी है। कुल मिलाकर, भारत के प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति से यह स्पष्ट इशारा कर दिया है कि दोनों देशों के बीच संबंधों के सामान्यीकरण की दिशा में हम तभी आगे बढ़ सकते हैं, जब 3,488 किलोमीटर लंबी वास्तविक सीमा रेखा पर सैन्य तैनाती में कमी आए। सर्वोच्च स्तर पर भारत की यह प्रतिक्रिया या दलील चीन को अगर समझ में आए, तो ही दोनों देशों के बीच संबंध सामान्य हो सकेंगे। चीनी नेता की मंशा यदि तार्किक और न्यायपूर्ण हो, यदि उनका मध्ययुगीन विस्तारवादी मनसूबा काबू में रहे, तो निस्संदेह वह भारत से अच्छे संबंध बना लेंगे। ग्लोबल साउथ या दुनिया के गरीब और विकासशील देश उनसे शायद यही चाहते हैं। हालांकि, दोनों देशों के नेताओं के बीच परस्पर संवाद के बावजूद चीन की मंशा में खोट बहुत जल्दी ही उभरकर सामने आ गई है। बीजिंग में शायद ऐसे लोग बैठे हैं, जो संवाद व सहयोग की हर कोशिश को निशाना बनाने में देर नहीं करते। तभी तो चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बयान जारी किया कि भारत ने बैठक की मांग की थी, जबकि भारतीय पक्ष ने तत्काल जवाब दिया कि यह बैठक चीनी पक्ष की मांग पर हुई। यहां यह बात गौर करने की है कि संवाद में सीमा विवाद का मसला उठा है, तो क्या यह मुद्दा शी जिनपिंग उठा सकते हैं? गलवान के बाद भी अनेक उदाहरण हैं, जब चीन ने सीमा विवाद को उलझाने की ही कोशिश की है, मामला लद्दाख से लगती सीमा पर जरूरत से ज्यादा सैन्य तैनाती का हो या अरुणाचल प्रदेश पर आए दिन पड़ने वाली नाजायज नजर का। अब तक लगभग बीस बार सैन्य कमांडर स्तर की वार्ता हुई है, जिनमें कभी भी चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए सहमत नहीं हुआ है, हर बार केवल अगली वार्ता के लिए राजी होता आया है। ऐसे में, दुनिया बिल्कुल सही समझ रही होगी कि सीमा विवाद का मसला भारतीय प्रधानमंत्री ने ही उठाया है। भारत का संदेश सख्त, स्पष्ट और सराहनीय है कि सीमा विवाद को सुलझाए बिना भारत-चीन के बीच संबंध सामान्य नहीं हो सकते। यह रणनीति आगे भी बनी रहनी चाहिए और चीन को न्याय व मानवीयता के सिद्धांत को सामने रखकर चलने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए। भारत ने तो पंचशील समझौता किया था, पर उसकी धज्जियां कौन उड़ा गया, दुनिया जानती है। चीन को यह ध्यान रखना चाहिए, पाकिस्तान जब सुधार की कोशिश करता नहीं दिखा, भारत पर चोट करता गया, तभी भारत ने सीधे संवाद से मना कर दिया।

# भारत की सूझबूझ

साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में हुए ब्रिक्स देशों के शिखर सम्मेलन में आखिर इसके विस्तार का फैसला हो गया। फैसले के मुताबिक पांच देशों- ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका- के इस संगठन में अगले साल 1 जनवरी को छह नए सदस्य- अर्जेंटीना, इजिप्ट, ईरान, इथियोपिया, सऊदी अरब और यूएई- जुड़ जाएंगे। वैसे ब्रिक्स के विस्तार पर चर्चा काफी पहले से हो रही है। 2009 में इस संगठन के अस्तित्व में आने के एक साल बाद यानी 2010 में ही इसमें साउथ अफ्रीका को जोड़ लिया गया। उसके बाद से ही नए सदस्यों की एंट्री पर जब-तब चर्चा होती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से यह मुद्दा काफी जोर पकड़ चुका था, जिसकी दो बड़ी वजहें रहीं। एक तो यह कि ग्रुप से जुड़ने की चाहत रखने वाले देशों की संख्या बढ़ती चली गई। 22 देश इस मंच का हिस्सा बनने के लिए बाकायदा आवेदन कर चुके हैं। 40 से ज्यादा देश इसकी इच्छा जता चुके हैं। दूसरी वजह यह रही कि बदले वैश्विक हालात के मद्देनजर चीन इस पर बहुत जोर दे रहा था। इसे देखते हुए यह आशंका जताई जा रही थी कि शायद भारत इस मसले पर ज्यादा पॉजिटिव रुख न दिखाए। चीन के सरकार नियंत्रित मीडिया ने कुछ दिन पहले पश्चिमी देशों पर आरोप भी लगा दिया कि वे नहीं चाहते विस्तार के बाद ब्रिक्स एक मजबूत संगठन बनकर उभरे, इसलिए भारत और चीन में फूट डालने की कोशिश कर रहे हैं। बहरहाल, इन अटकलबाजियों से अलग भारत पहले ही साफ कर चुका था कि वह ब्रिक्स के विस्तार के खिलाफ नहीं है। अन्य मुद्दों की तरह इस मामले में भी उसका रुख किसी खास देश या लॉबी के आग्रह या शंका आशंका से नहीं बल्कि अपने राष्ट्रीय हितों से निर्देशित हो रहा था। ध्यान रहे, भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद समेत तमाम वैश्विक संगठनों और मंचों के विस्तार और उनमें समय के मुताबिक सुधार की वकालत करता रहा है। ब्रिक्स के विस्तार के ताजा फैसले से उस अजेंडे को आगे बढ़ाने में आसानी होगी। हालांकि इसके बावजूद इस फैसले में निहित चुनौतियों की अनदेखी नहीं की जा सकती। एक तरफ यह आशंका है कि इन नए सदस्यों में से कई देशों के साथ अपनी करीबी की बदौलत चीन इस मंच पर अपना दबदबा बढ़ाने का प्रयास कर सकता है तो दूसरी तरफ कुछ हलकों में यह संदेह भी है कि चीन, रूस और ईरान जैसे देशों के प्रभाव में इसे पश्चिमी देशों के खिलाफ एक मंच के रूप में इस्तेमाल न किया जाने लगे।

## Social Media Corner

**सच के हक में...**



23 अगस्त को जब भारत ने चंद्रमा पर तिरंगा फहराया, उस दिन को अब नेशनल स्पेस डे के रूप में मनाया जाएगा। अब हर वर्ष यह दिन साइंस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की स्पिरिट को सेलिब्रेट करने के साथ ही देशवासियों को प्रेरित करता रहेगा।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



तमिलनाडु के मदुरै जंक्शन के पास एक खड़ी ट्रेन में आग लगने की दुर्घटना में लोगों की दुखद हानि के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के ट्विटर अकाउंट से)**




डुमरी विधानसभा उपचुनाव के अवसर पर जनता के बीच जाने का अवसर मिला। आप सभी से आग्रह करता हूं कि आगामी 5 सितंबर के दिन 1 नङ्ग पर बटन दबाकर झामुमो (महगठबंधन) प्रत्याशी आदरणीय श्रीमती बेबी देवी जी को विजयी बनायें। जगरनाथ दा को सच्चा सम्मान फिर जीतेगा तीर-कमान स्व जगरनाथ महतो अमर रहें! जय झारखण्ड!

**(सरयू राय के ट्विटर अकाउंट से)**

# चंद्रयान भारत के कीर्तिमान का नया गान


**ANALYSIS**



हृदयनारायण दीक्षित

भारतीय राष्ट्रभाव मुद मोद प्रमोद के साथ प्रकट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये और खुशी की बात है कि चन्द्रयान की तरह सूर्य अभियान की घोषणा भी हो गई है। इसरो सूर्य को लेकर 'आदित्य एल 1' मिशन लांच करने जा रहा है। बताया गया है कि शुक्र भी इसरो के लक्ष्यों में सम्मिलित है। भारत आनंदमगन है। सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दर्शन और अनूठी संस्कृति के लिए विश्वविख्यात भारत अंतरिक्ष विज्ञान में भी पंख फैला कर उड़ रहा है। अंतरिक्ष की हलचल भारत में हजारों वर्ष पहले से पूर्वजों की जिज्ञासा रही है। वैदिककाल में भी सूर्य, पृथ्वी, सोम, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र और शनि जैसे ग्रह वैदिक ऋषियों की जिज्ञासा रहे हैं। इनकी गति के विज्ञान से ही ज्योतिर्विज्ञान का विकास हुआ। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। वे प्रतिष्ठित वैदिक देवता हैं। सूर्य संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुत: पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है।

भारत में उत्सव का माहौल है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने कामयाबी का नया गीत लिखा है। भारत चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चन्द्रयान उतारने वाला पहला देश बन गया है। अभी पिछले सप्ताह रूस का लूना 25 असफल होकर गिर गया था। भारत ने उसी स्थान पर चन्द्रयान उतारने की सफलता पाई है। ये बड़ी सफलता है। राष्ट्रीय प्रसन्नता के अनेक अवसर आते जाते रहते हैं। वैसे भी भारत उत्सव प्रिय राष्ट्र है। लेकिन जैसा राष्ट्रीय उल्लास चन्द्रयान की सफलता को लेकर प्रत्यक्ष हुआ है वैसा किसी अन्य अवसर को लेकर प्रायः नहीं हुआ। भारतीय राष्ट्रभाव मुद मोद प्रमोद के साथ प्रकट हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह एक बड़ी उपलब्धि है। ये और खुशी की बात है कि चन्द्रयान की तरह सूर्य अभियान की घोषणा भी हो गई है। इसरो सूर्य को लेकर 'आदित्य एल 1' मिशन लांच करने जा रहा है। बताया गया है कि शुक्र भी इसरो के लक्ष्यों में सम्मिलित है। भारत आनंदमगन है। सारी दुनिया भारत की ओर देख रही है। दर्शन और अनूठी संस्कृति के लिए विश्वविख्यात भारत अंतरिक्ष विज्ञान में भी पंख फैला कर उड़ रहा है। अंतरिक्ष की हलचल भारत में हजारों वर्ष पहले से पूर्वजों की जिज्ञासा रही है। वैदिककाल में भी सूर्य, पृथ्वी, सोम, मंगल, बुद्ध, बृहस्पति, शुक्र और शनि जैसे ग्रह वैदिक ऋषियों की जिज्ञासा रहे हैं। इनकी गति के विज्ञान से ही ज्योतिर्विज्ञान का विकास हुआ। भारतीय चिंतन में सूर्य ब्रह्माण्ड की आत्मा हैं। वे प्रतिष्ठित वैदिक देवता हैं। सूर्य संचरण करते प्रतीत होते हैं। वस्तुतः पृथ्वी ही सूर्य की परिक्रमा करती है। आर्य भट्ट ने आर्यभट्टीयम में लिखा है, 'जिस तरह नाव में बैठा व्यक्ति नदी को



चलता हुआ अनुभव करता है, उसी प्रकार पृथ्वी से सूर्य गतिशील दिखाई पड़ता है।' सूर्य धनु राशि के बाद मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो इसे मकर संक्रान्ति कहा जाता है। सूर्य का मकर राशि पर होना उपासना के लिए सुन्दर मुहूर्त माना जाता है। वराहमिहिर ने बृहत संहिता में बताया है, 'मकर राशि के आदि से उत्तरायण प्रारम्भ होता है।' गीता (8-24) में कहते हैं, 'अग्नि ज्योति के प्रकाश में शुक्ल पक्ष सूर्य के उत्तरायण रहने वाले 6 माहों में शरीर त्याग कर ब्रह्म को प्राप्त करते हैं।' उत्तरायण शुभ काल है। ऋग्वेद से लेकर उपनिषदों, महाकाव्यों और परवर्ती साहित्य में सूर्यदेव की चर्चा है। प्रश्नोपनिषद (1-5) में कहते हैं, 'आदित्य ही प्राण हैं।' छान्दोग्य उपनिषद में कहते हैं, 'जैसे मनुष्यों में प्राण महत्वपूर्ण हैं वैसे ही ब्रह्माण्ड में सूर्य हैं।' सूर्य के कारण इस पृथ्वी ग्रह पर मनुष्य का जीवन है। सूर्य दिव्य हैं। तेजोमय दिव्यता हैं। सूर्य ऊष्मा ऊर्जा व प्रकाश का अक्षय भण्डार हैं। प्रत्येक ताप का ईंधन होता है। इसी तरह सूर्य ताप के पीछे भी कोई कारण/ईंधन होना चाहिए। सूर्यदेव अरबों वर्ष से तप रहे हैं। उनका ईंधन अक्षय है। इसरो के प्रस्तावित सूर्य अभियान से इस तरह के तमाम रहस्यों का अनावरण संभावित है। सूर्य अजर अमर हैं। सभी प्राणी सूर्य पर निर्भर हैं। ऋग्वेद के दसवें मण्डल के सूक्त 36 के देवता विश्वदेवा हैं। इस सूक्त में ऋषि अपने यज्ञ में ऊषा और रात्रि देवी का आह्वान करते हैं। पृथ्वी अंतरिक्ष और समस्त देवलोक को निमंत्रण देते हैं। वे वरुण, इन्द्र, मरुत और जल को भी आहूत करते हैं। वे इन्द्र से संरक्षण, मरुतों से समृद्धि की कामना करते हैं और अंत में सूर्य सविता देव का स्मरण करते हैं। सूक्त का अंतिम मंत्र बड़ा प्यारा है। ऋषि कहते हैं, 'सविता पश्चातात सविता-सविता पीछे हैं।' फिर कहते हैं,'पुरस्तात सवितोतर सविता धरातात-सविता सामने हैं। ऊपर हैं। नीचे हैं। ये सविता हमें सुख व समृद्धि दें। दीघार्यु भी दें।' सविता सूर्य की उपस्थिति दशों दिशाओं में है। हम सब सूर्य परिवार के अंग हैं। सूर्य अभिभावक हैं। वे पृथ्वी पर रहने वाली अपनी संतति, प्राणी, नदियों, समुद्र और वनस्पतियों का कुशलक्षेम जानने के लिए प्रतिदिन उदित होते हैं। वे रथ पर चलते चित्रित हैं। ऋग्वेद के प्रथम मण्डल (सूक्त 164) के प्रथम मंत्र में सूर्यदेव के तीन भाई बताए गए हैं। उनके सात पुत्र हैं। तीन भाइयों में वे स्वयं, दूसरे सर्वव्यापी वायु और तीसरे तेजस्वी अग्नि। ऋषि सूर्य के रथ का सुन्दर वर्णन करते हैं, 'सूर्य के एक चक्र वाले रथ में सात घोड़े हैं। सात नामों वाला एक घोड़ा रथ खींचता है।' आगे सात शब्द का दोहराव है, 'सात दिन, सात अश्व, सात स्वरों में सविता सूर्य की स्तुति करती सात बहनें।' वैसे भी सूर्य प्रकाश में सात रंग हैं। ध्वनि में सात स्वर हैं। सप्ताह में सात दिन हैं। इसके बाद ऋषि जिज्ञासा है, 'इस ब्रह्माण्ड में सबसे पहले जन्म लेने वाले को किसने देखा? जो अस्थि रहित होकर भी सम्पूर्ण संसार का पोषण करते हैं।' ऋषि की वैज्ञानिक जिज्ञासा है। वे सविता सूर्य की आतंरिक गतिविधि जानना चाहते हैं, 'यह विज्ञ सप्त तंतुओं-किरणों को कैसे फैलाते हैं।' ऋषि विनम्रतापूर्वक जानकारी की सीमा बताते हैं, 'मैं नहीं जानता लेकिन जानना चाहता हूं। सभी लोकों को स्थिर करने वाले अजन्मा का रूप क्या है? जो सूर्य रहस्य के जानकार हैं, कृपया वे बताएं।' अंत में कहते हैं, 'बारह अरों वाला चक्र द्युलोक में घूमता रहता है। वह अजर अमर है।' सूर्य के प्रति भारतीय चिंतन में अतिरिक्त श्रद्धा है। सूर्य संरक्षक हैं। गीता (4-1) में ज्ञान परंपरा है। श्रीकृष्ण कहते हैं, 'मैंने योगविद्या का ज्ञान सबसे पहले विवस्वान सूर्य को दिया था। सूर्य ने मनु को और मनु ने इक्ष्वाकु को यही ज्ञान दिया।' ऋग्वेद के एक मंत्र में मृत व्यक्ति से कहते हैं, 'अब तुम्हारी आंखें सूर्य से जा मिलें'। आंखों की ज्योति सूर्य की अनुकम्पा है। इसी तरह प्राणों के बारे में कहते हैं-अब तुम्हारे प्राण वायु में जा मिलें। वैदिक देव परिवार में सूर्य महत्वपूर्ण हैं। ऋग्वेद में सविता की स्तुति में 11 सूक्त हैं। 170 से ज्यादा स्थलों पर सविता का उल्लेख है। सूर्य देवता के लिए अलग से 10 सूक्त हैं। सूर्य प्रत्यक्ष देव हैं। सूर्य उपासना यूनान में भी थी। वैदिक मन्त्रों में सविता सूर्य और ऊषा अलग अलग स्तुतियां पाते हैं। लेकिन यथार्थ में वे एक ही सूर्य के भिन्न भिन्न आयाम हैं। डॉ. कपिल देव द्विवेदी ने 'वैदिक देवताओं के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप' में लिखा है कि 'सविता ही सूर्य हैं। सविता का अर्थ प्रेरणा शक्ति देने वाला प्रेरक। गति देने वाला। सूर्य इस संसार को गति, प्रेरणा और प्रकाश देते हैं। इसलिए सूर्य को सविता कहते हैं।' विश्वविख्यात गायत्री मंत्र में भी सूर्य सविता की स्तुति है।

**लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।**

# समस्या बना दहेज निषेध अधिनियम

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल में स्वप्नदास बनाम पश्चिम बंगाल राज्य मामले में कठोर टिप्पणी करते हुए कहा, ह्यमहिलाओं ने भारतीय दंड संहिता यानी आइपीसी की धारा 498 ए का दुरुपयोग करके एक तरह से कानूनी आतंकवाद फैला दिया है।ह्ल कलकत्ता उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि यह धारा महिलाओं की भलाई के लिए बनाई गई थी, लेकिन अब झूठे मामले दर्ज कराकर इसका दुरुपयोग किया जा रहा है। बीते कुछ वर्षों के दौरान देश की विभिन्न अदालतों ने दहेज के झूठे मामलों पर कठोर टिप्पणियां की हैं, परंतु इसके साथ ही पुलिस की कार्यप्रणाली को भी कठघरे में खड़ा किया है और उस मानसिकता के प्रति चिंता जाहिर की है, जो पुरुषों को बिना सत्यता परीक्षण के अपराधी मान लेती है। कुछ वर्ष पहले अर्नेश कुमार बनाम बिहार राज्य एवं अन्य के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने भी कहा था कि ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस ने दंड प्रकिया संहिता यानी सीआरपीसी में निहित पाठ का सबक सही तरह से नहीं सीखा है। इसमें किंचित भी संदेह नहीं कि दहेज संबंधी मामलों में समय-समय पर न्यायालयों द्वारा पुलिस को दिए गए दिशा-निदेर्शों की अवहेलना के चलते उन महिलाओं के हौसले बढ़ गए हैं, जिन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए बने कानून का हथियार के रूप में प्रयोग किया है। कई बार तो पति-पत्नी में अनबन के चलते इस कानून का इस्तेमाल ससुराल वालों को प्रताड़ित करने के लिए किया जाता है। आंकड़े बताते हैं कि बीते वर्षों में 498 ए में गिरफ्तार किए गए लोगों में से अनुमानतः 90 प्रतिशत प्री ट्रायल स्तर पर ही बेकसूर पाए गए। जिन मामलों में मुकदमे चले, उनमें भी करीब 80 प्रतिशत निर्दोष करार दिए गए। उन्हें बिना किसी जांच के गिरफ्तार किया गया था। साफ है कि एक समाधान ने समस्या का रूप ले लिया है। यदि इस कानून के दुरुपयोग पर शीघ्र ही गंभीरता से मंथन नहीं किया गया तो हजारों निर्दोष इसी प्रकार जेल जाते रहेंगे। वर्ष 1961 में जब दहेज प्रतिषेध अधिनियम पारित हुआ था, तब उसमें दर्ज किया गया था कि यदि कोई व्यक्ति दहेज देगा या लेगा अथवा दहेज देने या लेने को प्रेरित करेगा तो वह दंड का पात्र होगा और उसके कारावास की अवधि पांच वर्ष से कम की नहीं होगी। यदि दहेज देना और लेना समान रूप से दंडनीय अपराध है तो यक्ष प्रश्न यह है कि क्यों सिर्फ अदालतों में दहेज लेने के मामले पहुंचते हैं? क्यों दहेज देना पुलिस एवं न्यायपालिका की कार्यप्रणाली में विलुप्त प्रतीत होता है? दहेज प्रतिषेध कानून पारित होने के पश्चात कुछ ही मामले ऐसे सामने आए, जहां न्यायालय ने दहेज देने वालों के विरुद्ध केस दर्ज करने के आदेश दिए। क्या यह विचारणीय तथ्य नहीं है कि क्यों दहेज निरोधक कानून का एकपक्षीय पहलू यानी दहेज लेना ही चर्चा का विषय बनता है? दहेज देने को लेकर बने कानून पर यूं आंखें मूंद लेना कई प्रश्नों को जन्म देता है। यह निर्विवादित तथ्य है कि दहेज की बुराई के चलते देश में तमाम लड़कियां प्रताड़ित होती हैं या अपनी जान से हाथ धो बैठती हैं, परंतु क्या कारण है कि अभिभावकों के भीतर यह चेतना जागृत नहीं हो पा रही कि दहेज मांगने वाले परिवार में उनकी बेटी असुरक्षित हो सकती है? एक प्रश्न यह भी है कि विवाह के पश्चात दहेज की मांग के विरुद्ध न्यायालय का दरवाजा खटखटाने वाली लड़की विवाह से पूर्व ही ऐसे परिवार से रिश्ता जोड़ने से इन्कार क्यों नहीं कर देती, जो दहेज का लोभी है? नीरा सिंह बनाम दिल्ली सरकार (2007) मामले में दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा था कि दहेज की मांग के बावजूद यदि वयस्क और शिक्षित महिला दहेज लेने वाले व्यक्ति से शादी करती है तो वह और उसका परिवार दहेज निषेध अधिनियम के तहत अपराध में भागीदार बन जाता है। यह एक कटु सत्य है कि ह्यस्त्री-धनह्ल के रूप में दिया गया उपहार दो परिवारों के मध्य कड़वाहट होते ही दहेज का रूप धारण कर लेता है। दहेज तथा स्त्री धन के मध्य विभेद की रेखा का निर्धारण कानून में उल्लिखित नियमों के आधार पर न होकर संबंध-माधुर्य मापदंड के आधार पर निर्धारित होता है। विष्णु बनाम केरल राज्य तथा अन्य के मामले में नवंबर 2021 के अपने एक निर्णय में केरल उच्च न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि विवाह के समय दुल्हन को बिना किसी मांग के दिए गए उपहार और जो इस अधिनियम के तहत बनाए गए नियमों के अनुसार बनाई गई सूची में दर्ज किए गए हैं, वे धारा 3(1) के दायरे में नहीं आएंगें, जो दहेज देने या लेने पर रोक लगाती है। विधि आयोग ने अपनी 159वीं रिपोर्ट में स्वीकार किया है कि भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के प्रविधानों का दुरुपयोग हो रहा है। दिल्ली की एक ट्रायल अदालत यह कह चुकी है, ह्यहर कोई महिलाओं के अधिकारों को लेकर लड़ रहा है, लेकिन उन पुरुषों के लिए कानून कहां हैं, जो महिलाओं द्वारा झूठे केस में फंसा दिए जाते हैं? शायद इस बारे में कदम उठाने का वक्त आ चुका है।ह्ल दिल्ली की ट्रायल अदालत की उक्त टिप्पणी यह बताने के लिए पर्याप्त है कि सामाजिक व्यवस्था असंतुलित हो रही है और यदि इस पर ठोस निर्णय नहीं लिए गए तो भविष्य में न्याय व्यवस्था से एक बड़े वर्ग का विश्वास उठ जाएगा। यह स्थिति समाज को बिखेर देगी। समय आ गया है कि दहेज निरोधक कानून में ऐसे संशोधन-परिवर्तन किए जाएं कि उनका मनमाना इस्तेमाल और दुरुपयोग रुके। इस कानून को लिंग निरपेक्ष बनाने पर विचार किया जाना चाहिए।

# किन मामलों में अनिवार्य है टैक्स ऑडिट?

केंद्र और राज्यों की सरकारें चाहे कितना भी दावा कर लें, लेकिन इस सत्य को नकारा नहीं जा सकता है कि अभी तक की तमाम कोशिशों के बावजूद कराधान की प्रक्रिया एक जटिल प्रक्रिया बनी हुई है। देश के अधिकांश लोगों को आमतौर पर ये पता ही नहीं होता है कि उन्हें किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना है। कराधान की प्रक्रिया की जटिलताओं के कारण कई बार टैक्स पेयर्स को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। इसलिए ये जानना जरूरी है कि किन-किन मामलों में टैक्स ऑडिट कराना अनिवार्य है। केंद्र सरकार ने करदाताओं की कुछ श्रेणियों के लिए धारा 44एबी में अनिवार्य टैक्स ऑडिट (कर लेखा परीक्षा) का प्रावधान किया है। जैसा कि आमतौर पर ज्ञात है, कंपनी अधिनियम के अनुसार सभी कंपनियों को वैधानिक ऑडिट कराना आवश्यक है। फिर भी, ऐसी कंपनियों को टैक्स ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त करनी जरूरी है यदि उनका टर्नओवर या सकल प्राप्तियां निर्धारित सीमा से अधिक है। धारा 44एबी के तहत टैक्स ऑडिट की अवधारणा को शुरू करने का मूल उद्देश्य कर निर्धारण अधिकारी (एओ) के बोझ को कम करना है, क्योंकि ऑडिटरों को विभिन्न खर्चों या लिए गए ऋणों या वापस किए गए ऋणों के संबंध में निर्धारित किए गए उल्लंघनों, रिश्तेदारों आदि को भुगतान या अन्य भुगतान जो आयकर अधिनियम के अनुसार स्वीकार्य नहीं हैं, उनका उल्लेख करना जरूरी है। ऐसे मामले जिनमें अनिवार्य कर ऑडिट की आवश्यकता होती है। खातों के अनिवार्य टैक्स ऑडिट की आवश्यकता निम्नलिखित मामलों में आवश्यक है - यदि व्यवसाय में कुल बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियां पिछले वर्ष में 1 करोड़ रुपये से अधिक है। यदि पिछले वर्ष के दौरान बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्तियों के लिए प्राप्त राशि सहित प्राप्त सभी राशियों का कुल योग, नकद में, उक्त राशि के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है; और पिछले वर्ष के दौरान नकद में व्यय की गई राशि सहित किए गए सभी भुगतानों का कुल योग उक्त भुगतान के 5 प्रतिशत से अधिक नहीं है, तो कर निर्धारण वर्ष 2021-22 से, यदि बिक्री, टर्नओवर या सकल प्राप्ति 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं है तो किसी कर लेखा परीक्षा की आवश्यकता नहीं है। यदि किसी पेशे की सकल प्राप्तियां किसी भी पिछले वर्ष में 50 लाख रुपये से अधिक है; जहां कोई व्यक्ति ऐसा व्यवसाय कर रहा है, जिसके लाभ को धारा 44एडी, 44एई, 44बीबी या 44बीबीबी के तहत आय माना जाता है, लेकिन वह दावा करता है कि उसकी आय उपरोक्त धाराओं के तहत मानी गई राशि से कम है। (इसका मतलब है कि व्यवसाय में लगे लोग, परिवहन संचालक, गैर-निवासी जो खनिज तेलों के पूर्वेक्षण या निष्कर्षण या उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले या उपयोग किए जाने वाले संयंत्र और मशीनरी के संबंध में सेवाएं या सुविधाएं प्रदान करने या किराए पर आपूर्ति करने के व्यवसाय में लगे हुए हैं, केंद्र सरकार द्वारा अनुमोदित टर्नकी बिजली परियोजना के संबंध में सिविल निर्माण या संयंत्र या मशीनरी के निर्माण या परीक्षण या कमीशनिंग के व्यवसाय में लगी विदेशी कंपनी, उपरोक्त धाराओं के तहत समझी गई आय से कम आय घोषित करने के लिए धारा 44एबी के तहत टैक्स ऑडिट रिपोर्ट प्राप्त करना आवश्यक है। जैसा भी मामला हो, धारा 44एडी, 44एडीए, 44एई, 44एएफ, 44बीबी या 44बीबीबी के तहत अनुमानित आय घोषित करने वाले करदाताओं को टैक्स ऑडिट से छूट दी गई है, बशर्ते वे उक्त धाराओं के तहत निर्धारित आय घोषित करें। किसी ऐसे व्यवसाय में लगा हुआ करदाता, जिसका टर्नओवर या सकल प्राप्ति निर्दिष्ट राशि से अधिक न हो, कर निर्धारण वर्ष 2017-18 से रुपये 2 करोड़ और धारा 44एडी के तहत अनुमानित आय योजना के अनुसार आय घोषित करने पर भी टैक्स ऑडिट से छूट दी जाएगी।

## I WANT TO SAY...

THE PHOTON NEWS



देश के अधिसंख्य लोग इस बात से सहमत हैं कि समान नागरिक संहिता को लागू किया जाना चाहिए। इसके बावजूद कुछ तबकों की ओर से इसका विरोध किया जा रहा है। स्वतंत्रता के बाद आदिवासियों के दस्तूर कानून समाज व्यवस्था के तहत चल रहा था। इसीलिए स्वतंत्रता से पहले अंग्रेजों ने आदिवासियों के लिए कोई भी कस्टमरी लॉ नहीं बनाया बल्कि सामाजिक कानूनों को ही मान्यता दी। स्वतंत्रता के बाद उत्तर पूर्वी राज्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 371 (ए) नगालैंड के लिए, 371(जी) मिजोरम के लिए, केंद्र सरकार का रूढ़ि प्रथा पर कोई भी कानून सीधे लागू नहीं होगा, जबतक कि राज्य विधानसभा संकल्प द्वारा पारित नहीं कर देता। इसी को आधार मानकर आदिवासी समाज की ओर से समान नागरिक संहिता का विरोध किया जा रहा है। आदिवासी नेताओं का यह भी मानना है कि यूसीसी के लागू करने से समाज र्व्यक्ति केंद्रितर होकर बिखर जाएगा। पूंजीवादी विचारधारा हावी हो जाएगी, आदिवासियों की संपत्ति जल जंगल जमीन पर उद्योगपतियों और गैर-आदिवासियों का कब्जा हो जाएगा। आखिर आदवासियों में इस तरह का डर क्यों घर कर गया है। इसपर गंभीरता से ध्यान दिए जाने की जरूरत है कि उनका डर वास्तविक है या वे किसी के बहकावे में आ रहे हैं। मामले की जड़ तक जाए बिना इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। अगर आदिवासियों का डर अनावश्यक है तो उनके इस तरह के डर या भ्रम की स्थिति को दूर करने की जरूरत है। उन्हें जागरूक करने की जरूरत है। समय रहते ही समाधान किया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए भी क्योंकि इस मुद्दे पर आदिवासी समाज संगठित हो रहा है। सभा व सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। यह चिंता का विषय है। इसमें कोई दो राय नहीं कि आदिवासियों के सम्मान और उनके अधिकारों की भी रखा होनी चाहिए।

**चंदन बैठा, समाजसेवी कांके विधानसभा।**

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, तिलक वर्मा और संजू सैमसन ने नहीं दिया यो-यो टेस्ट

**कोलकाता (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। टीम इंडिया बैंगलुरू के पास एशिया कप की तैयारी कर रही है। 6 दिवसीय कैंप के पहले दिन सभी खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट हुआ। इसके अलावा शारीरिक दम-खम जांचने के लिए अनिवार्य यो-यो टेस्ट भी हुआ था। टेस्ट में शुभमम गिल (18.7) सबसे अधिक स्कोर किया। बाकी खिलाड़ी भी टेस्ट में पास हुए। एशिया कप के स्क्वॉड में शामिल कुछ खिलाड़ियों ने अनिवार्य यो-यो टेस्ट नहीं दिया।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एशिया कप के स्क्वॉड में शामिल 5 खिलाड़ियों जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, तिलक वर्मा, संजू सैमसन (रिजर्व खिलाड़ी एशिया कप के लिए) और केएल राहुल ने यो-यो टेस्ट नहीं दिया। राहुल अभी पूरी तरह फिट नहीं हैं और टीम मैनेजमेंट उन्हें जोखिम में नहीं डालना चाहता है। उन्होंने पहले दिन जिम सेशन में हिस्सा लिया था लेकिन टीम प्रबंधन और फिजियो एशिया कप से पहले कीपर-बल्लेबाज को यो-यो टेस्ट देकर जोखिम में नहीं डालना चाहते थे। इसकारण केएल राहुल ने ये टेस्ट नहीं दिया।

वहीं बुमराह, तिलक वर्मा, प्रसिद्ध कृष्णा और संजू सैमसन की बात है। इन्हें यो-यो टेस्ट की जरूरत इसकारण नहीं थी क्योंकि ये सारे खिलाड़ी आयरलैंड दौरे से लौटे ही हैं और उन्होंने बैंगलुरू पहुंचते ही टीम के प्रैक्टिस सेशन में हिस्सा लिया। एक दिन पहले ही टीम इंडिया ने एशिया कप की तैयारी शुरू की थी। भारत का पहला मैच 2 सितंबर को पाकिस्तान से होगा। भारतीय टीम ने तैयारी के लिए एक रणनीति तैयार की है। इसके तहत खिलाड़ियों को अलग-अलग परिस्थितियों में परखा जा रहा है, जिसे मैच सिमुलेशन कहते हैं। ताकि असल इम्तिहान के लिए खिलाड़ी खुद को तैयार कर सकें। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर ने बीते हफ्ते एनसीए में मैच सिमुलेशन के हिसाब से ही अपनी फिटनेस, बल्लेबाजी और फील्डिंग को जांचा परखा था।

कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल ने सेंटर विकेट पर मोहम्मद सिराज की गेंदबाजी का सामना किया। आजकल वनडे में अधिक आक्रामक रुख अपनाने वाली टीमें अपनी रणनीति को 10-ओवर के आधार पर विभाजित कर खेलती हैं। रोहित और गिल ने भी सेंटर विकेट पर बैटिंग के दौरान इसी तरह की रणनीति के साथ बल्लेबाजी की। इन दोनों ने पहले 10 ओवर को ध्यान में रख बैटिंग की। इसके बाद रोहित-गिल ने काफी देर



नेट्स पर भी अपनी कमियों को जांचा। इससे साफ हो गया है कि एशिया कप में रोहित और गिल ही पारी की शुरुआत करने वाले है।

पिछले साल जून के बाद से गिल ने रोहित के साथ ओपनिंग करते हुए 8 पारियों में 683 रन जोड़े हैं और इस दौरान दोनों के बीच दो बार शतकीय साझेदारी हुई है। इस बात को लेकर भी चर्चा चल रही थी कि ईशान किशन भी रोहित के साथ ओपनिंग कर सकते हैं।

# दो साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलेंगे जोकोविच पर, नजरें रिकॉर्ड पर



**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** नोवाक जोकोविच दो साल में पहली बार अमेरिकी ओपन खेलने पहुंच गए हैं और उनकी नजरें रिकॉर्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब पर लगी होंगी। पिछले साल कोरोना का टीका नहीं लगवाने के कारण उन्हें अमेरिका में प्रवेश की अनुमति नहीं मिली थी। वह कैलिफोर्निया और फ्लोरिडा में भी टूर्नामेंट नहीं खेल सके थे। उन्होंने सोमवार से शुरू हो रहे टूर्नामेंट के लिए यहां पहुंचने के बाद कहा कि मुझे गुस्सा नहीं आया था।

पिछले साल अमरीकी ओपन के दौरान मलाल जरूर हुआ था कि मैं यहां क्यों नहीं हूं। मुझे नहीं खेल पाने का दुख था। लेकिन अब मैं यहां हूं और बीती बातों के बारे में नहीं सोच रहा। मेरा फोकस इस टूर्नामेंट पर है। पिछली बार 2021 में वह अमेरिकी ओपन फाइनल में दानिल मेदवेदेव से हार गए थे। जोकोविच पुरूष टेनिस में सबसे ज्यादा 23 ग्रैंडस्लैम एकल खिताब जीत चुके हैं लेकिन अगर वह यहां जीतते हैं तो ओपन युग में सबसे अधिक 24 खिताब जीतने वाली सेरेना विलियम्स को पीछे छोड़ देंगे।

# वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने जीता लगातार चौथा विश्व खिताब




**बुडापेस्ट (हंगरी) (एजेंसी)।** वेनेजुएला की त्रिकूद खिलाड़ी यूलिमर रोजस ने यहां विश्व चैम्पियनशिप त्रिकूद स्पर्धा में शुक्रवार को अपने छठे और अंतिम प्रयास में 15.08 मीटर (49 फुट, 5 3/4 इंच) की कूद लगाकर लगातार चौथा विश्व खिताब जीत लिया। तोक्यो ओलंपिक में उनके स्वर्ण पदक को जोड़ा जाए तो वर्ष 2017 के बाद से उन्होंने प्रमुख 5 मुकाबलों में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल किया है।

रोजस ने कहा कि मैंने शब्दों को तलाशने कोशिश नहीं की बल्कि उन सभी लम्हों के बारे में सोचा जहां मैंने वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया था। यह बहुत मुश्किल था। तथ्य यह है कि अपने आखिरी प्रयास में प्रतियोगिता को जीतना इसे बहुत खास और यादगार बनाता है। इस स्पर्धा में यूक्रेन की मरीना बेख-रोमनचुक ने दूसरा स्थान हासिल किया। उन्होंने अपने देश के लिए बुडापेस्ट में पहला पदक जीता है। बेख-रोमनचुक की शुरुआती छलांग 15 मीटर (49 फुट 2 1/2 इंच) की थी जिससे वह मुकाबले में बढ़त में थी। क्यूबा की लियानिस पेरेज हर्नांडेज ने कांस्य पदक अपने नाम किया।

# सिर चढ़कर बोल रहा वर्ल्ड कप 2023 का जादू, क्रेश हुआ बुक माई शो एप

### -टिकटों की बिक्री के पहले दिन वेबसाइट भी फेल, अभ्यास मैचों की टिकट बिक्री 30 से होगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप 2023 का जादू इस कदर सिर चढ़कर बोल रहा है कि पहले ही दिन टिकट खरीददारों की इतनी तादाद हो गई कि एप और वेबसाइट दोनों ही क्रेश हो गए। बता दें कि भारत में होने वाले वनडे वर्ल्ड कप 2023 के लिए टिकटों की बिक्री कल यानी शुक्रवार 25 अगस्त से शुरू हो गई है। पहले दिन नॉन इंडियन मैच की टिकट की बिक्री हुई, मगर इस दौरान फैंस का ऐसा जमावड़ा लगा कि आधिकारिक वेबसाइट और ऐप लगभग 35 से 40 मिनट के लिए क्रैश हो गए। इस कारण खेल प्रेमियों को टिकट बुक करने में काफी परेशानी झेलनी पड़ी। ये हालत तो तब है जब भारत के मैच नहीं है, सोचिए जब 30 अगस्त से भारत के वॉर्म अप मैच और 31 अगस्त से अधिकारिक मैच की टिकट बिक्री शुरू होगी तो क्या हाल होगा। गौरतलब है कि गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम में भारत के अभ्यास मैचों के टिकट 30 अगस्त से खरीदे जा




सकेंगे। एक दिन बाद, चेन्नई बनाम ऑस्ट्रेलिया, आठ अक्टूबर, दिल्ली बनाम अफगानिस्तान, 11 अक्टूबर और पुणे बनाम बंगलादेश, 19 अक्टूबर में भारत के मैचों के लिये टिकट खोले जाएंगे। वर्ल्ड कप टिकटों की बिक्री काफी देर से शुरु हुई है और पहले ही दिन बिक्री उन मैचों की थी जिसमें भारत नहीं खेल रहा। हालांकि यह प्रक्रिया स्थानीय समयानुसार रात 8 बजे शुरु हुई और इसके तुरंत बाद प्रशंसकों ने बुक माई शो एप के क्रैश होने की शिकायत की। यह एप पांच अक्टूबर से शुरु होने वाले विश्व कप के लिए टिकट साझीदार है।

जानकारी के अनुसार दिल्ली के एक खेल प्रेमी अतिरव कपूर ने शुक्रवार को कहा कि यह वास्तव में निराशाजनक है। टिकटों की बिक्री की घोषणा इतनी देरी से हुई और इसके बाद बुनियादी प्रणाली का ढांचा तैयार नहीं है तो इससे ताकतर बीसीसीआई और आईसीसी की छवि खराब होती है। दुनिया भर में इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित किए जाते हैं जिसके लिए लॉटरी और टिकट पंक्तियां जैसी व्यवस्था बहुत सामान्य है। टिकट बिक्री के आधे घंटे बाद वेबसाइट ने काम करना शुरू कर दिया लेकिन तब तक काफी प्रशंसक संयम खो चुके थे। गौरतलब है कि फैंस 1 सितंबर से धर्मशाला (बनाम न्यूजीलैंड, 22 अक्टूबर), लखनऊ (बनाम इंग्लैंड, 29 अक्टूबर) और मुंबई (बनाम श्रीलंका, दो नवंबर) में मेजबान टीम के मुकाबलों के लिये टिकट खरीद सकेंगे। दो सितंबर को कोलकाता (बनाम दक्षिण अफ्रीका, पांच नवंबर) और बेंगलुरु (बनाम नीदरलैंड, 12 नवंबर) के मैचों के टिकट उपलब्ध होंगे। बीसीसीआई ने बताया कि ई-टिकट की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी।

# पीसीबी के निमंत्रण पर जय शाह नहीं जाएंगे, बिन्नी व शुक्ला का जाना तय

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के आमंत्रण पर जय शाह मैच देखने नहीं जाएंगे, जब ?कि रोजर ?बिन्नी और राजीव शुक्ला जाएंगे। बता दें ?कि पीसीबी ने एशिया कप के मैच देखने के लिए बीसीसीआई पदाधिकारियों को निमंत्रण भेजा था। इसमें बीसीसीआई सचिव जय शाह से खास गुजारिश की गई थी कि वह पाकिस्तान आए। लेकिन ताजा रिपोर्ट्स के अनुसार जय शाह पाकिस्तान नहीं जा रहे हैं। उनकी बजाय भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष रोजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला जाएंगे। वह 4 से 7 सितंबर तक लाहौर में एशिया कप के कुछ मैच देखेंगे। यह समझा जा रहा है कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को पाकिस्तान जाने की मंजूरी मिल गई है। पाकिस्तान 30 अगस्त को मुल्तान में एशिया कप के शुरुआती मैच में नेपाल से भिड़ेगा। एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि बिन्नी, शुक्ला और सचिव जय शाह 2 सितंबर को पल्लेकेले (कैंडी) में भारत बनाम पाकिस्तान के प्रमुख मुकाबले के लिए श्रीलंका में होंगे। तीनों अगले दिन भारत वापस आएंगे जिसके बाद बीसीसीआई अध्यक्ष और उपाध्यक्ष वाघा सीमा से लाहौर की यात्रा करेंगे। बिन्नी और शुक्ला दोनों को अपनी-अपनी पत्नी के साथ 4 सितंबर को लाहौर में पीसीबी के गवर्नर हाउस द्वारा आयोजित होने वाले आधिकारिक रात्रिभोज के लिए आमंत्रित किया गया है। यह समझा जाता है यह दोनों अधिकारी 5 सितंबर को अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका मैच और इसके अगले दिन पाकिस्तान के सुपर चार चरण के शुरुआती मुकाबले को देखेंगे। बीसीसीआई के वरिष्ठ अधिकारी और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद शुक्ला 2004 में पाकिस्तान दौरे पर गए दल में शामिल थे।

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फिनिशिंग लाइन पर किया प्रपोज

लंदन। विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में फिनिशिंग लाइन पर प्रपोज करने का एक वीडियो इन दिनों खूब वायरल हो रहा है। वीडियो में 35 किमी पैदल चाल स्पर्धा की फिनिशिंग लाइन को पार कर महिला खिलाड़ी को उसके दोस्त ने बीच मैदान प्रपोज कर दिया। जानकारी के अनुसार स्लोवाकिया की वॉकर हाना बुर्जालोवा बुडापेस्ट में लाइन पार कर ही रही थीं कि तभी उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड डॉमिनिक सेर्नी को सामने देखा। सेर्नी पुरुषों का इवेंट पूरा कर चुका था और फिनिश लाइन पर हाना का इंतजार कर रहा था। सेर्नी बुर्जालोवा प्रपोज करने के लिए अपने एक घुटने पर बैठ गया और सौभाग्य से हाना ने उनका प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। सेर्नी ने मौके पर ही जश्न मनाया और अपनी मंगेतर को गोद में उठा लिया। इसके बाद जोड़े ने कैमरे के सामने तस्वीरें खिंचवाईं और बुर्जालोवा गर्व से तस्वीरों में अपनी सगाई की अंगूठी दिखा रही थीं। बता दें कि 25 वर्षीय सेर्नी अपनी दौड़ में 19वें स्थान पर रहे थे। उन्होंने 2:32.56 घंटे में रेस पूरी की थी। वहीं, 22 वर्षीय बुर्जालोवा महिलाओं की दौड़ में 28वें स्थान पर रहीं, लेकिन उन्होंने सीजन का अपना सर्वश्रेष्ठ समय (3:02.47) निकाला। यह जोड़ा नियमित रूप से इंस्टाग्राम पर अपनी ट्रेनिंग और रिश्ते के बारे में जानकारी देता रहता है। बीते दिनों ही यह जोड़ा साइप्रस में रोमांटिक छुट्टियां बिताने गया था।



# विश्व कप में नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए विराट सबसे फिट : डिविलियर्स



नई दिल्ली। भारतीय टीम के लिए नंबर-4 पर बल्लेबाजी कि लिए विराट कोहली को फिट बताया जा रहा है। वहीं श्रेयस अय्यर और केएल राहुल के ठीक होने से इंडिया टीम के मैनेजमेंट को थोड़ी राहत मिली है। इधर साउथ अफ्रीका के लीजेंड क्रिकेटर, मिस्टर 360 डिग्री के नाम से फेमस एबी डिविलियर्स का मानना है कि विराट कोहली नंबर-4 के लिए एक दमदम फिट हैं। एबी डिविलियर्स के अनुसार विराट कोहली की पारी को संवारने की क्षमता उन्हें वर्ल्ड कप में भारत के नंबर 4 के लिए परफेक्ट बनाती है। डिविलियर्स ने स्वीकार किया कि कोहली को अपनी नंबर 3 स्थिति पसंद है, लेकिन उन्होंने विश्व कप को देखते हुए एक टीम मैन बनने की आवश्यकता पर ध्यान देना चाहिए। एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा कि हम अभी भी इस बारे में बात कर रहे हैं कि भारत के लिए नंबर-4 बल्लेबाज कौन होगा। मैंने कुछ अफवाहें सुनी हैं कि विराट संभवत: यह स्थान ले सकते हैं। मैं इसका बड़ा समर्थक रहूंगा। डिविलियर्स ने आगे कहा ?कि मुझे लगता है कि विराट नंबर-4 के लिए बिल्कुल सही हैं। वह पारी को संवार सकते हैं, मध्य क्रम में किसी भी तरह की भूमिका निभा सकते हैं। मुझे नहीं पता कि वह ऐसा करना चाहेंगे या नहीं। हम जानते हैं कि उन्हें अपना नंबर-3 स्थान पसंद है। बता दें कि कोहली ने नंबर-4 पर बल्लेबाजी करते हुए 55.21 की औसत से 1767 रन और 90.66 की स्ट्राइक रेट से सात शतक जड़े हैं। वहीं, श्रेयस अय्यर ने 20 पारियों में दो शतकों के साथ 47.35 की औसत से 805 रन हैं।

# एच एस प्रणय ने भारत का पदक पक्का किया, सात्विक और चिराग क्वार्टर फाइनल में हारे

**कोपनहेगन। (एजेंसी)।** एच एस प्रणय ने पूरी ऊर्जा झोंकते हुए पिछले दो बार के चैम्पियन डेनमार्क के विक्टर एक्सेलसेन को 68 मिनट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हराकर शुक्रवार को यहां विश्व बैडमिंटन चैम्पियनशिप में भारत का एक पदक पक्का कर दिया। प्रणय ने इस रोमांचक मुकाबले में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी एक्सेलसेन को 13 . 21, 21 . 15, 21 . 16 से हराया।

अपना पहला पदक पक्का करने के बाद उन्होंने कहा ,'' यस। आखिर मेरे पास अब विश्व चैम्पियनशिप का एक पदक होगा।'' एक्सेलसेन अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल रहे थे लिहाजा प्रणय पर भारी दबाव था। उन्होंने कहा ,'' मैने सोचा कि मैं खुद पर नियंत्रण तो रख ही सकता हूं। इसके अलावा कुछ और नहीं सोच रहा था। बस यही दिमाग में था कि अगले पांच अंक कैसे लेने हैं।''

केरल के 31 वर्ष के प्रणय ने विश्व चैम्पियनशिप में



भारत का सुनहरा प्रदर्शन जारी रखते हुए देश का 14वां पदक पक्का किया। वह इस सत्र में मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट जीते हैं और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 में उपविजेता रहे। भारत के लिये विश्व चैम्पियनशिप में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पी वी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं जिनमें से 2019 में मिला स्वर्ण शामिल है। साइना नेहवाल ने एक रजत और एक कांस्य, किदाम्बी श्रीकांत ने रजत, लक्ष्य सेन, बी साइ प्रणीत और प्रकाश पादुकोण ने कांस्य पदक जीते हैं।

वहीं सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारुप रासमुसेन से सीधे गेम में हार गयी। दुनिया की दूसरे नंबर की इस भारतीय जोड़ी ने पिछले साल इस प्रतियोगिता में अपना पहला कांस्य पदक जीता था। भारतीय जोड़ी हालांकि 11वीं वरीयता प्राप्त स्थानीय जोड़ी के सामने अपने आक्रामक खेल का प्रदर्शन नहीं कर सकी और 48 मिनट तक चले मुकाबले को 18-21, 19-21 से हार गई। दोनों जोड़ियों के बीच इससे पहले सात मैचों में सात्विक और चिराग की जोड़ी दो मुकाबले जीतने में सफल रही थी। दोनों जोड़ियां 2021 के बाद पहली बार एक-दूसरे के आमने सामने थी।

# चुंबन विवाद के बाद पद से इस्तीफा देने को तैयार नहीं लुइस रुबियल्स

बार्सिलोना। रॉयल स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) के अध्यक्ष लुइस रुबियल्स ने स्पेन की महिला विश्व कप फाइनल जीत के बाद जेनी हर्मोसो को उसके होठों पर चूमने के विवाद पर अपने पद से इस्तीफा देने से इनकार किया। आरएफईएफ की एक आपातकालीन आम सभा में, रुबियल्स ने कहा कि वह झूठे नारीवादियों का शिकार थे। उन्होंने विधानसभा में बार-बार चिल्लाते हुए कहा, मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। हर्मोसो ने चुंबन की घटना के बाद कहा कि मुझे यह पसंद नहीं आया, लेकिन मैं क्या कर सकता हूं? बता दें कि स्पैनिश खिलाड़ियों के संघ ने हर्मोसो की ओर से बयान जारी कर कहा कि इस कृत्य को बख्शा नहीं जाना चाहिए, जिसके बाद आरएफईएफ अध्यक्ष के इस्तीफे की मांग उठी थी। फीफा ने रुबियल्स के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू की है। जांच में रुबियल्स ने कहा, यह चुंबन बिल्कुल वैसा था जो मैं अपनी बेटियों में से एक को दे सकता था। रुबियल्स ने बैठक में कहा कि वे न्याय करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, यह फर्जी है। मेरी सामाजिक हत्या की जा रही है। वे मुझे मारने की कोशिश कर रहे हैं। फर्जी नारीवाद न्याय की तलाश नहीं करता है, सच्चाई की तलाश नहीं करता है, लोगों की परवाह नहीं करता है। मैं दोहराता हूं, वे फांसी की तैयारी कर रहे हैं।



# भारतीय टेनिस खिलाड़ियों को एकल पर फोकस करना चाहिये: पेस और भूपति



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस और महेश भूपति का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों को युगल की बजाय एकल पर फोकस करना चाहिये। यह पूछने पर कि क्या भारतीय खिलाड़ियों को युगल पर अधिक ध्यान देना चाहिये, भूपति ने कहा ,'' नहीं। वे ऐसा क्यो करेंगे।''

उन्होंने कहा ,''रमेश कृष्णन (80 के दशक के मध्य में) के बाद से हमारा कोई खिलाड़ी किसी ग्रैंडस्लैम में एकल क्वार्टर फाइनल तक नहीं गया है। हमें उसी पर फोकस करना चाहिये। युगल में हमने इतने ऊंचे मानक कायम किये हैं कि उस तक पहुंचने में दशक लगेंगे।''

यूएस पोलो एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम से इतर पेस ने कहा ,'' आपको हर वर्ग को अलग करके देखना होगा। एकल हो, युगल या मिश्रित युगल , सभी टेनिस है। एकल पर फोकस करना चाहिये क्योंकि सबसे ज्यादा शोहरत उसी में मिलती है।'' उन्होंने इस साल के विम्बलडन चैम्पियन स्पेन के कार्लोस अल्काराज का उदाहरण दिया जो 20 वर्ष की उम्र में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी बन गए हैं।

उन्होंने कहा ,'' एकल के लिये युवाओं को तैयार करना सबसे कठिन है। अल्काराज को देखो जो सिर्फ 20 साल का है और दुनिया का नंबर एक खिलाड़ी है। हमारे बच्चे 18 या 19 वर्ष की उम्र में भी जूनियर से बाहर नहीं निकल पाते। फिर सोचते हैं कि कॉलेज जायें या आगे पेशेवर टेनिस खेले। यह दुनिया ही अलग है।''

भूपति ने कहा कि यह मान लेना गलत है कि भारतीय एकल खिलाड़ियों के लिये आगे कठिन समय है। उन्होंने कहा ,'' पिछले साल अल्काराज ने एक चैम्पियनशिप जीती और इस साल नंबर एक है। मुझे नहीं लगता कि यह कहना सही होगा कि कोई भारतीय खिलाड़ी एकल में शीर्ष स्तर पर नहीं खेल सकेगा।

# युवराज बने बेटी के पिता, लिखा- हमारी फैमिली कंप्लीट हुई



नई दिल्ली। टीम इंडिया के धाकड़ ऑलराऊंडर रहे युवराज सिंह दोबारा पिता बन गए हैं। उनकी पत्नी हेजल कीच ने बीते दिनों बेबी को जन्म दिया है। युवराज और हेजल का इससे पहले एक बेटा ओरियन भी है। बहरहाल, युवराज सिंह ने इस खबर को अपने फैंस के साथ शेयर करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पत्नी हेजल कीच पर और दोनों बच्चों के साथ फोटो शेयर कर लिखा- कई रातें बिना नींद के गईं क्योंकि हम अपनी छोटी राजकुमारी ऑरा का स्वागत करते हैं। हमारी फैमिली कंप्लीट हुई। युवराज के पोस्ट शेयर करते ही उनके दोस्तों ने खूब बधाइयां दीं। इन सबमें सबसे पहले नाम रहा हरभजन सिंह और टेनिस स्टार सानिया मिर्जा का। दोनों ने दिल की इमोजी से युवराज के नए बच्चे को स्वागत किया। मुनाफ पटेल ने भी युवी को बधाई दी। इसके अलावा ऋषि धवन ने लिखा- बहुत शुभकामनाएं युवी भाजी। तो रॉबिन उथप्पा ने लिखा- मुबारकबाद भाई। छोटी बच्ची के लिए ढेर सारा प्यार। क्रिकेटर ही नहीं कई बॉलीवुड सितारों, क्रिकेट एंकर और मॉडल्स ने भी युवराज को मुबारकबाद दी। दरअसल युवराज हेजल को डेट करना चाहते थे लेकिन हेजल शुरू में उनसे दूर रहने की कोशिश करती थी। वह युवराज का फोन नहीं उठाती थी। एक दिन गुस्से में युवराज ने उनका मोबाइल नंबर डिलीट कर दिया। बाद में वह दोनों एक पार्टी में मिले। तब हेजल को लगा कि युवराज सचमुच उन्हें पसंद करते हैं। 2014 में उनकी दोस्ती और गाढ़ी हो गई। 2015 में उन्होंने सगाई कर ली और फिर शादी।

# मेरे सपने पूरे करने के लिए परिवार ने काफी कुर्बानियां दी: कार्ति सेल्वम

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी कार्ति सेल्वम का मानना है कि वह अपने माता पिता की अपेक्षाओं पर खरे उतर सके हैं जिन्होंने उनके सपने पूरे करने के लिए काफी बलिदान दिए। कार्ति पिछले 13 साल में सीनियर पुरूष हॉकी टीम में चुने जाने वाले तमिलनाडु के पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप में टीम में पदार्पण किया। इस साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में उन्होंने 2 गोल किए और कई गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मुझे मलेशिया के खिलाफ टूर्नामेंट में अपना पहला गोल हमेशा याद रहेगा। वह पहला गोल था जो मैंने अपने परिवार के सामने किया। वे पहली बार मुझे मैदान पर खेलते देख रहे थे।

उन्होंने कहा कि गोल करने के बाद मैंने अपने माता-पिता की ओर देखा जिनकी मुस्कुराहट मेरे लिए सब कुछ थी। उस समय मुझे लगा कि इतने साल की मेरी मेहनत, मेरे परिवार के बलिदान सब सफल हो गए। हमने जितनी आर्थिक परेशानियां सही, सब पीछे छूट गई। कार्ति ने 2016 में चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में स्कूल की ओर से पहली बार खेला था।

उन्होंने कहा कि जब यह घोषणा हुई कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी मेरे घरेलू मैदान पर होगी तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। जहां से शुरूआत की थी, उस स्टेडियम पर खेलने की कल्पना से ही मेरी रातों की नींदें उड़ गई। अब उनकी नजरें भारतीय सीनियर टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने कहा कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा। अब मैं और मेहनत करके अपनी उपयोगिता साबित करूंगा।



# हाई स्टैंडर्ड रखने का मतलब नकचढ़ा होना नहीं : जान्हवी कपूर



डेटिंग और रिश्तों के बारे में अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि हाई स्टैंडर्ड रखने का मतलब नकचढ़ा होना नहीं है, बल्कि खुद को इतना महत्व देना है कि आप जान सकें कि आप किस योग्य हैं। टिंडर के स्वाइप राइड के नवीनतम एपिसोड में जान्हवी ने कहा, 'अपने आप से प्यार करना यह जानने के बारे में है कि आप अधिक लायक हैं, और किसी ऐसे व्यक्ति के लिए समझौता न करें जो इसे ऐसे नहीं देखता। सुंदरता सभी आकारों में आती है और खुशी अपने हर हिस्से को प्यार करने से शुरू होती है। एक मॉडर्न महिला के रूप में मैंने सीखा है कि हाई स्टैंडर्ड का होना नखरेबाजी नहीं है। यह स्वयं को इतना महत्व देना है कि आप जान सकें कि आप किस योग्य हैं।' उन्होंने आगे कहा कि जब डेटिंग की बात आती है, तो ईमानदारी ही सब कुछ है। कोई खेल नहीं, सिर्फ वास्तविक संबंध होना चहिए। टिंडर की स्वाइप राइड का यह एपिसोड यह याद दिलाता है कि एक ऐसी दुनिया है, जो लेबल से प्यार करती है, लेकिन इसमें आपका मूल्य, आपका शरीर और आपके नियम मायने रखते हैं। आप एक ऐसे रिश्ते के हकदार हैं, जो आप सभी को वैसे ही प्यार करता है जैसे आप हैं। बातचीत के दौरान जान्हवी ने बताया कि कैसे महिलाओं को अक्सर यह महसूस कराया जाता है कि वे पर्याप्त नहीं हैं, या आदर्श सौंदर्य मानकों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अपनी त्वचा के प्रति आश्वस्त रहना और कम पर समझौता करने से इनकार करना आत्म-प्रेम और स्वस्थ रिश्ते को बढ़ावा देने की कुंजी है। यह भावना भारत में डेटिंग करने वाली 86 प्रतिशत महिलाओं के साथ मेल खाती है, जो कहती हैं कि डेटिंग करते समय खुद को प्राथमिकता देना सही है। वे इस बारे में भी बात करते हैं कि आज किसी को जानने के लिए सिचुएशनशिप एक रोमांचक और कम दबाव वाला तरीका है। यह आज भारत में डेट करने वाली 40 प्रतिशत युवा महिलाओं के लिए सच है, जो अपनी वर्तमान डेटिंग प्राथमिकता के रूप में सिचुएशनशिप को चुनती हैं, जो अपनी शर्तों पर प्यार करने की इच्छा को दर्शाती है। उन?होंने कहा कि जब डेटिंग की बात आती है तो आज युवा महिलाएं इस बारे में स्पष्ट रूप से सोचती हैं कि उन्हें क्या चाहिए। लोकप्रिय लेखिका सुप्रिया जोशी के साथ फिल्म निर्देशक डेबी राव द्वारा सह-निर्मित स्वाइप राइड सीरीज उन महिलाओं को एक साथ लाने का ?लेटफार्म है जो अपने फैसले खुद लेना पसंद करती हैं, चाहे वह उनके करियर में हो, या उनके डेटिंग जीवन में। एपिसोड का प्रीमियर शुक्रवार को टिंडर के यूट्यूब चैनल पर होगा और विशेष रूप से जियो सिनेमा पर स्ट्रीम किया जाएगा।



# दोस्त की तरह है अभिषेक बच्चन: अमिताभ बच्चन

अपने बेटे अभिषेक बच्चन को लेकर मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने कहा कि हम दोनों दोस्त की तरह हैं। बिग बी हमेशा खुलकर बात करने के लिए जाने जाते हैं। उन?होंने कौन बनेगा करोड़पति के सीजन 15 में अपने बेटे अभिनेता अभिषेक बच्चन के साथ अपने रिश्ते पर खुलकर बात की। क्विज आधारित रियलिटी शो के आगामी एपिसोड में अहमदाबाद के कुणाल सिंह डोडिया दिखाई देंगे । जिनका शो में आने का एकमात्र उद्देश्य अपने पिता को यह साबित करना है कि वह एक जिम्मेदार बेटे हैं। कुणाल अहमदाबाद पुलिस बल में एक युवा पुलिस सब इंस्पेक्टर हैं, वह वर्तमान में डीजी कार्यालय में मानवाधिकार विभाग से जुड़े हुए हैं। हालांकि कुणाल एक मेहनती कार्यकर्ता हैं, लेकिन उन्होंने बिग बी के सामने कबूल किया कि वह घर पर एक अलग व्यक्ति हैं, उन?होंने कहा कि वह एक टालमटोल करने वाले व्यक्ति हैं, जो कार्यों को अपनी गति से पूरा करना चाहते हैं। उनके पिता और परिवार के अन्य सदस्यों को उनका यह व्यवहार पसंद नहीं है।

कुणाल ने कहा कि मैं जिज्ञासावश पूछ रहा हूं। मैं और मेरे पिता घर पर झगड़ते रहते हैं। वह सोचते है कि मैं जिम्मेदार नहीं हूं। लेकिन आपके यहां यह कैसा है? अभिषेक बच्चन के साथ आपके संबंध कैसे हैं? वहीं, पिता-पुत्र की नोक-झोंक को सुनकर बिग बी को अपने बेटे अभिषेक के साथ अपने रिश्ते की याद आ गई और उन्होंने विस्तार से बताया कि कैसे वह अपने बेटे को एक करीबी विश्वासपात्र मानते हैं। अमिताभ ने कहा कि मैं अभिषेक को अपने दोस्त के रूप में देखता हूं। एक पुरानी कहावत है जब आपका बेटा आपके जूते पहनता है, तो वह आपका बेटा नहीं, बल्कि आपका दोस्त बन जाता है। इसलिए अभिषेक ने मेरे सारे जूते ले लिए हैं, क्योंकि वे उसके लिए फिट हैं।

बिग बी फिर कुणाल के पिता से पूछते हैं कि वह अपने बेटे से क्या कहना चाहते है। कुणाल के पिता ने कहा कि वह अपनी नौकरी में परफेक्ट हैं, लेकिन घर के कामों और जिम्मेदारियों में वह 50 प्रतिशत पीछे है। कौन बनेगा करोड़पति सोनी पर प्रसारित होता है। अभिनेता ने कहा कि मैं अभिषेक के साथ जो भी बात कर सकता हूं, वह परिवार में किसी के साथ नहीं कर सकता, और मेरा मानना है कि अभिषेक के साथ भी ऐसा ही होता है। हम दोनों एक-दूसरे के साथ बहुत खुलकर रहते हैं। कोई भी स्थिति हो या कोई समस्या आती है तो हम एक-दूसरे से बात करते हैं। उन?होंने कहा कि यह हमारा रिश्ता है।

# सामंथा ने न्यूयॉर्क से तस्वीर की शेयर




साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की। एक्ट्रेस को रितु कुमार के शानदार आउटफिट में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भावुक नोट शेयर करके बताया कि उन्होंने अपने करियर की शुरुआत द बिग एप्पल से की थी। नोट में सामंथा ने बताया कि कैसे न्यूयॉर्क शहर उसके लिए बेहद खास है। वहां अपनी पहली फिल्म की शूटिंग से लेकर यहां सुर्खियां बटोरने तक, उन्होंने निश्चित रूप से एक लंबा सफर तय किया है। उन्होंने तस्वीरों को शेयर करते हुए लिखा, वो कहते हैं कि न्यूयॉर्क वह जगह है जहां सपने बनते हैं। मैंने अपने करियर की शुरूआत में पहली फिल्म की शूटिंग यहां की थी... एक डरी हुई छोटी लड़की, जिसे कुछ भी पता नहीं था कि वह इसे कैसे करेगी... लेकिन बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती है! आज, 14 साल बाद। वर्तमान में सामंथा ने एक्टिंग से ब्रेक लिया हुआ है। वह ऑटो-इम्यून बीमारी मायोसिटिस से पीड़ित हैं और अपने हेल्थ पर ध्यान दे रही हैं।

# शादी की खबरों के बीच राघव चड्ढा के संग बाबा महाकाल के दर्शन करने पहुंचीं परिणीति चोपड़ा

बॉलीवुड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा और आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर सुर्खियों में हैं। बताया जा रहा है कि दोनों 25 सितंबर को शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। वहीं शादी की खबरों के बीच परिणीति और उनके मंगेतर राघव चड्ढा शनिवार को बाबा महाकाल के दर्शन करने के लिए उज्जैन पहुंचे। परिणीति और राघव चड्ढा शनिवार दोपहर 12 बजे उज्जैन पहुंचे। इसके बाद वह दोपहर 1 बजे महाकालेश्वर मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे। दोनों ने मंदिर के नियमों का पालन करते हुए नंदी हॉल से भगवान का पूजन-अर्जन किया। इस दौरान राघव चड्ढा धोती-सोला और परिणीति चोपड़ा साड़ी पहने नजर आईं। कपल ने 30 मिनट शांति नंदी हाल में बैठकर पूजन और बाबा महाकाल का ध्यान किया। इसके बाद दोनों वहां से रवाना हो गए। संपन्न कराया। मंदिर में 1 घंटा रहे। मीडिया से बात नहीं की। राघव चड्ढा 'जय महाकाल' का जयकारा लगाकर रवाना हुए। बता दें कि



परिणीति और राघव ने 13 मई 2023 को नई दिल्ली के 'कपूरथला हाउस' में अपने परिवार और खास दोस्तों की मौजूदगी में सगाई की थी। अब दोनों के अगले महीने सात फेरे लेने की खबरें सामने आ रही है।



# हनुमाजी की वीरता अतुलनीय है: अदा शर्मा

द कश्मीर फाइल्स की एक्ट्रेस अदा शर्मा ने अपने पसंदीदा सुपर हीरो के बारे में बात की है। एक्ट्रेस से इसके बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा: हनुमाजी की वीरता उनकी विनम्रता, उनकी ताकत और एकनिष्ठ भक्ति, उनके ध्यान, ज्ञान अतुलनीय है! वह उत्कृष्ट संगीतकार थे। वह छोटी मक्खी से लेकर पहाड़ के आकार के सुनहरे शरीर तक कोई भी रूप धारण करने की शक्ति रखते थे। एक्ट्रेस ने कहा, वह मेरा सुपरहीरो है। अदा हाल ही में रिलीज़ कमांडो सीरीज़ में भावना रेड्डी की भूमिका निभा रही हैं। अदा ने हाल ही में हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए एक वीडियो साझा किया था जो ऑनलाइन वायरल हुआ। इसके अलावा 1920 में उनका सबसे लोकप्रिय सीन, जो उनकी पहली फिल्म थी, में हनुमान चालीसा का पाठ करना था। एक्ट्रेस को द केरल स्टोरी में उनकी भूमिका के लिए सराहना मिली थी। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर काफी अच्छा प्रदर्शन किया।



# 17 साल बाद पर्दे पर फिर साथ नजर आएंगे अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान!

जब कोई बॉलीवुड के बारे में सोचता है तो उसके जहन में सबसे पहले अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान का नाम आता है। ये दोनों सुपरस्टार बॉलीवुड पर राज करते हैं और पिछले काफी लंबे समय से पूरा देश इस जोड़ी को एक बार फिर साथ स्क्रीन शेयर करते देखने का इंतजार कर रहा है। अब लेटेस्ट खबरों के अनुसार फैंस का यह इंतजार जल्द ही खत्म होने जा रहा है क्योंकि 17 साल बाद एक बार फिर अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान साथ में काम करते नजर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह जोड़ी एक नए प्रोजेक्ट में साथ काम करने के लिए तैयार है।

सूत्र के मुताबिक, एक दिलचस्प प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है जिसमें अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान एक बार फिर साथ में स्क्रीन साझा करेंगे। इस प्रोजेक्ट से जुड़ी जानकारी अभी तक सामने नहीं आई हैं लेकिन इसको लेकर जल्द ही और अपडेट आने की गुंजाइश है। कहने की जरूरत नहीं कि ये एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के लिए सबसे बड़ी खबर है। अमिताभ और शाहरुख की जोड़ी इससे पहले मोहब्बतें, कभी खुशी कभी गम और कभी अलविदा ना कहना जैसी प्रतिष्ठित और लोकप्रिय फिल्मों में काम कर चुकी है। वर्क फ्रंट की बात करें तो शाहरुख खान इन दिनों अपनी फिल्म 'जवान' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह फिल्म 7 सितंबर को रिलीज हो रही है। इसके बाद वह डंकी में नजर आएंगी। वहीं अमिताभ बच्चन इन दिनों क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 15' होस्ट कररहे हैं। अमिताभ जल्द ही 'कल्कि 2898 एडी' में नजर आने वाले हैं।